# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शुक्रवार 6 फरवरी 2026



आनंद का सच्चा भाव

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट (75.00%) | =₹113319/- |
| 22 कैरेट रेट (91.60%) | =₹138400/- |
| 24 कैरेट रेट (99.99%) | =₹151077/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

aNaND Jewels, Pandri, Raipur

*Conditions apply


पहली बार पहली से चौथी, छठवीं-सातवीं, नवमी व ग्यारहवीं की परीक्षाएं लेगा जिला शिक्षा कार्यालय

# बैकफुट पर शिक्षा विभाग, निजी स्कूल ही लेंगे परीक्षाएं लेकिन सरकारी विद्यालयों के अधिकार हुए खत्म

खबर का असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोक शिक्षण संचालनालय 24 घंटे के भीतर ही बैकफूट पर आ गया है। निजी स्कूलों की होम बोर्ड की परीक्षाएं जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा आयोजित किए जाने संबंधित आदेश को 24 घंटे के भीतर ही वापस लेकर संशोधित आदेश जारी कर दिया गया है। डीपीआई द्वारा 3 फरवरी को निजी स्कूलों की परीक्षाएं जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा आयोजित किए जाने संबंधित आदेश दिए गए थे। इस पर निजी स्कूलों ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि सरकार प्राइवेट स्कूलों में ताले लगाकर चाबी अपने पास रख ले। व्यापक पैमाने पर हो रहे विरोध-प्रदर्शन के बाद बुधवार देर रात आदेश में बदलाव किया गया। हालांकि बुधवार मध्यरात्रि के थोड़े पूर्व निकाले गए आदेश को गुरुवार सुबह जारी किया गया। अब निजी स्कूलों की परीक्षाएं जिला शिक्षा कार्यालय नहीं ले पाएंगे, लेकिन शासकीय विद्यालयों को इसके अधीन ही रखा गया है।

अब तक सरकारी स्कूलों में 5वीं-8वीं तथा 10वीं-12वीं को छोड़कर शेष कक्षाओं की परीक्षाएं स्कूल ही अपने स्तर पर आयोजित करते ▶▶| शेष पेज 5 पर

- 3 फरवरी को जारी आदेश से निजी स्कूल बाहर, लेकिन शासकीय व आत्मानंद विद्यालयों पर रहेगा लागू


निजी स्कूलों से छीना परीक्षा लेने का अधिकार जिला शिक्षा कार्यालय लेगा वार्षिक परीक्षा

### नहीं बन सकी समिति

डीपीआई ने जारी आदेश में कहा है कि स्कूलों में परीक्षाओं के संचालन के लिए प्रश्नपत्र निर्माण समिति तथा मॉडरेशन समिति का गठन करना होगा। इन समितियों का निर्माण 5 फरवरी तक करने कहा गया। चूंकि अत्यंत कम समय जिला शिक्षा कार्यालयों को मिला, इसलिए तय समय सीमा में उक्त समितियों का गठन नहीं हो सका है। इसके अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारियों से कहा गया है कि वे 28 फरवरी तक होम बोर्ड कक्षाओं के पाठ्यक्रम पूर्ण कर लें। मतदाता सूची पुनरीक्षण सहित अन्य कार्यों में शिक्षकों के लगे होने के कारण अधिकतर विद्यालयों में कोर्स तय समय पर पूर्ण ▶▶| शेष पेज 5 पर

### पूर्व निर्धारित तिथियों पर ही होंगे पर्चे

डीपीआई द्वारा पहले जारी किए आदेश में परीक्षा को लेकर जो तिथियां निर्धारित की गई थीं, उन्हीं तारीखों में परीक्षाएं होंगी। ये तिथियां शासकीय विद्यालयों के लिए लागू रहेंगी। इसके अनुसार, प्रायोजना कार्य 5 मार्च तक पूर्ण करने होंगे। परीक्षा 25 मार्च से प्रारंभ होंगी, जो 10 अप्रैल तक चलेंगी। सभी जिलों में प्रश्नपत्र निर्माण समिति ब्लू प्रिंट के आधार पर 15 फरवरी तक प्रश्नपत्रों के 3 सेट तैयार करेगी। 15 मार्च तक ▶▶| शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम आज होगा प्रसारित

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वह शुक्रवार को विशेष परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में परीक्षा से संबंधित विषयों, तनावमुक्त रहने की आवश्यकता और पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने जैसे मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इस वर्ष संवाद सत्र गुजरात के देवमोगरा, तमिलनाडु के कोयंबटूर, छत्तीसगढ़ के रायपुर, असम के गुवाहाटी और दिल्ली के 7, लोक कल्याण मार्ग यानी प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास पर आयोजित किए गए।

### बेंगलुरु ने दूसरी बार जीता विमेंस प्रीमियर लीग

**वडोदरा।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दूसरी बार विमेंस प्रीमियर लीग जीत लिया है। टीम ने गुरुवार को दिल्ली कैपिटल्स को 6 विकेट से हराया। बेंगलुरु 2024 में पहली बार चैंपियन बनी थी, जबकि दिल्ली लगातार चौथा फाइनल हारी है। वडोदरा के कोटाम्बी स्टेडियम में बेंगलुरु ने 2 गेंद रहते ही 204 रन का टारगेट चेज कर लिया।

### सहकारी कैब सेवा 'भारत टैक्सी' की शुरुआत

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देश के पहले सहकारिता-आधारित टैक्सी सेवा मंच 'भारत टैक्सी' की शुरुआत की। दो महीने के सफल पायलट परीक्षण के बाद शुरू की गई यह टैक्सी सेवा फिलहाल दिल्ली-एनसीआर और गुजरात में शुरू की गई है। अगले तीन वर्षों में भारत टैक्सी सेवा को कश्मीर से

## राज्यसभा में डेढ़ घंटे बोले प्रधानमंत्री, बस्तर का भी किया जिक्र

# विपक्ष पर मोदी का कटाक्ष, कहा- कितने ही नारे लगा लो, कब्र नहीं खोद पाओगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम विकसित भारत की जमीन मजबूत कर रहे हैं, उसे एक ताकत दे रहे हैं। एक तरफ देश के युवाओं के लिए मजबूत जमीन तैयार कर रहा हूं, तो कांग्रेस मोदी की कब्र खोदने के कार्यक्रम कर रही है। मोहब्बत की दुकान खोलने वाले मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारे लगा रहे हैं। ये कौन सी मोहब्बत की दुकान है जो देश के ही नागरिक की कब्र खोदने की बात कर रही हो।

क्या यह मानवता का अपमान नहीं है। किस प्रकार के संस्कार में पले-बढ़े लोग हैं ये। पीएम ने आगे कहा कि मेरा अनुभव पुराना है। 2002 से जब वे विपक्ष में थे, तबसे 2004 में जब वे सत्ता में आए तब से और 2014 में जब मैं सत्ता में आए तब से संसद का एक भी सत्र ऐसा नहीं गया, जब सदन से मोदी को गाली देने का काम न किया गया हो। करीब 25 साल। मैं संसद में नहीं था कई मौकों पर। मुझसे किसी ने पूछा था कि मोदीजी आपका स्वास्थ्य कैसे ठीक रहता है, मैंने कहा था कि मैं रोज दो किलो गाली खाता हूं। हमने अनुच्छेद 370 हटाया इसलिए वे मोदी की कब्र खोदते हैं। ऑपरेशन सिंदूर में आतंकियों को घर में घुसकर मारा, इसलिए मोदी की कब्र खुदेगी। माओवादी आतंक से देश को आजाद करने के लिए कदम उठा ▶▶| शेष पेज 5 पर

*संसद के बजट सत्र के दौरान राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जो लोग मोहब्बत की दुकान खोलने की बात करते हैं, वही "मोदी तेरी कब्र खुदेगी" के नारे लगा रहे हैं। यह कैसी मोहब्बत की दुकान है? उन्होंने कहा कि कितने ही नारे लगा लो, कब्र नहीं खोद पाओगे। धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में हंगामा होते रहा।*

### नेहरू और इंदिरा पर निशाना

*प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कांग्रेस ने विश्वासघात करने के विषय में भी हमारे देश के अन्नदाता को भी नहीं छोड़ा। इस देश में 10 करोड़ किसान ऐसे हैं, जिनके पास दो हेक्टेयर से कम जमीन है। छोटे किसान हैं, उनकी तरफ कभी नहीं देखा गया। पीएम मोदी ने कहा, इंदिरा जी एक बार ईरान गईं, वे ईरान में भाषण दे रही थीं। उस भाषण में उन्होंने नेहरू जी के साथ बातचीत का उल्लेख किया। उन्होंने कहा था- जब किसी ने मेरे पिताजी से पूछा यानी नेहरू जी से पूछा कि उनके सामने कितनी समस्या है, तो उन्होंने कहा 35 करोड़। उस समय हमारे देश की* ▶▶| शेष पेज 5 पर



### राहुल को बताया- शातिर दिमाग युवराज

पीएम मोदी ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि कल जो घटना घटी, इसी सदन के सांसद कांग्रेस के शातिर दिमाग युवराज ने उन्हें गद्दार कह दिया। अहंकार सातवें आसमान पर पहुंच चुका है उनका। कांग्रेस को छोड़कर कितने लोग निकले हैं। कई लोग दूसरे देशों में गए हैं। और किसी को तो उन्होंने गद्दार नहीं कहा है। लेकिन कल उन्होंने सांसद को गद्दार कहा क्योंकि वो सिख थे। उनके अंदर सिखों के लिए जो नफरत भरी है, यह उसका ही उदाहरण था। जिसका परिवार देश के लिए शहादत देने वाला परिवार है, उसके वह सदस्य हैं, उन्होंने पार्टी बदल ली तो वे गद्दार हो गए। वे एक सिख हैं, इसके लिए गद्दार कहना ये दुर्भाग्य की बात है।

### जो बस्तर कभी आकांक्षी जिला माना जाता था, आज वह पूर देश में बस्तर ओलंपिक के नाम से जाना जा रहा

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में अपने उद्बोधन के दौरान विशेष रूप से बस्तर का उल्लेख करते हुए कहा कि जो बस्तर कभी आकांक्षी जिला माना जाता था, आज वह पूरे देश में "बस्तर ओलंपिक" के नाम से जाना जा रहा है। विकास की धारा अब बस्तर के गांव-गांव तक पहुंच रही है। कई ऐसे गांव हैं जहां पहली बार बस सेवा शुरू हुई और पूरे गांव ने इसे उत्सव की तरह मनाया। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा भी था, जब कुछ जिलों को पिछड़ा मानकर छोड़ दिया गया था। वहां रहने वाले करोड़ों लोगों की मौलिक आवश्यकताओं तक को नकार दिया गया था और* ▶▶| शेष पेज 5 पर

### पीएम के मार्गदर्शन, शाह के संकल्प से नई इबारत लिखी जा रही

*रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संसद में प्रधानमंत्री के बस्तर में हुए विकास पर दिए गए वक्तव्य पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बस्तर क्षेत्र छत्तीसगढ़ का सौभाग्य है। यह क्षेत्र प्राकृतिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है, जिसे धरती का स्वर्ग कहा जा सकता है। यहां अनेक सुंदर जलप्रपात हैं, कुटुमसर जैसी विश्वविख्यात गुफा है, विशाल अबूझमाड़ का जंगल है और धुड़मारास गांव को विश्व पर्यटन संस्था द्वारा चयनित 20* ▶▶| शेष पेज 5 पर



## केंद्रीय गृहमंत्री का तीन दिनों का छग प्रवास

# शाह 7 को आएंगे, 8 को रायपुर में नक्सलवाद पर बड़ी बैठक, 9 को जाएंगे बस्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह एक बार फिर से तीन दिनों के छत्तीसगढ़ के दौरे पर आ रहे हैं। यह दौरा 7 से 9 फरवरी तक होगा। तय कार्यक्रम के मुताबिक जम्मू कश्मीर से सात फरवरी की शाम को वे यहां पहुंच जाएंगे। अगले दिन 8 फरवरी को नक्सलवाद पर होटल मेफेयर में दिन भर बैठकों का दौर चलेगा। इस बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश के डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा के साथ प्रदेश के पुलिस अधिकारी, नक्सल मोर्चे पर लगे प्रदेश के अधिकारियों के साथ केंद्र सरकार के अधिकारी भी शामिल होंगे।



श्री शाह तय कार्यक्रम के मुताबिक जम्मू एयरपोर्ट से बीएसएफ के विमान से दोपहर को 2.15 बजे रवाना होंगे। वे 4.40 बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां पर उनका मुख्यमंत्री, प्रदेश के मंत्रियों के साथ भाजपा नेता स्वागत करेंगे। एयरपोर्ट से ▶▶| शेष पेज 5 पर

### 9 को पंडुम महोत्सव का करेंगे समापन

*अपने दौरे के अंतिम दिन 9 फरवरी को श्री शाह जगदलपुर, बस्तर में आयोजित बस्तर पंडुम महोत्सव 2026 के समापन समारोह में शामिल होंगे। यह महोत्सव बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, परंपराओं और लोक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन का प्रतीक है। श्री शाह रायपुर से 11 बजे जगदलपुर के लिए बीएसएफ के विशेष विमान से रवाना होंगे। 12.05 से 1.20 बजे तक पंडुम महोत्सव के समापन में शामिल होंगे। कार्यक्रम के बाद भोजन करेंगे और फिर 2.15 बजे बीएसएफ के विमान से जगदलपुर से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।*

## ससुर और पति को खाना पहुंचाने गई थी बहू

# कार्बन फैक्ट्री के फर्नेस में ब्लास्ट, झुलसा पूरा परिवार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

जिले के ग्राम बानीपाथर स्थित मंगल कार्बन फैक्ट्री के फर्नेस में गुरुवार को सुबह करीब साढ़े 8 बजे ब्लास्ट होने से मां-बेटा, पिता-पुत्र, बहू और नातिन समेत 7 लोग के झुलस गए। घायलों को इलाज को लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है, इनमें से गंभीर रूप से झुलसे लोगों को रायपुर ▶▶| शेष पेज 5 पर

### सुबह 9 बजे की घटना

मंगल कार्बन प्लांट में 24 घंटे काम चलता है। यहां डामर गलाया जाता है।इस डामर का उपयोग सड़क निर्माण के दौरान किया जाता है। ऐसे में भारी मात्रा में इसकी जरुरत पड़ती है। इसके कारण यहां 24 घंटे काम चलता है। हर दिन यहां दो से तीन सौ मजदूर और कर्मचारी काम करते हैं। ब्लास्ट के दौरान भी अलग-अलग जगहों पर भारी संख्या में लोग काम कर रहे थे।

## एक बाइक पर था पूरा परिवार

# पिकअप ने मारी टक्कर पति-पत्नी, बेटी की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

बेलपान मेला घूमकर एक बाइक पर सवार पूरा परिवार अपने घर लौट रहा था, रास्ते में तेज रफ्तार पिकअप के चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में पति, पत्नी और एक बेटी की मौत हो गई, वहीं दूसरी बेटी घायल हो गई है। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। कोटा टीआई ▶▶| शेष पेज 5 पर

### बाइक को टक्कर मारकर पलटा हाइवा, तीन घायल

जूनापारा पुलिस के अनुसार, 5 जनवरी को मूर्तिपारा निवासी अजीत जांगड़े अपनी भांजी प्रीति जांगड़े, अंजली जांगड़े को लेकर बाइक क्रमांक सीजी 28 यू 3868 में सवार होकर लोरमी से जा रहे थे। सुबह 9 बजे डोमनपुर तिराहे के पास सड़क निर्माण कार्य में लगे हाइवा ▶▶| शेष पेज 5 पर

## गृह विभाग ने जारी किया आदेश

# मित्रता, फिर फ्राड और वसूली की शिकायत, डीएसपी कल्पना सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य पुलिस सेवा की अधिकारी डीएसपी कल्पना वर्मा को शासन ने निलंबित करने का आदेश जारी किया है। पिछले साल के अंत में उनके खिलाफ ये आरोप सामने आए थे कि उन्होंने एक कारोबारी से मित्रता की आड़ में अवैध रूप से दो करोड़ रुपए की वसूली हीरे सोने के गहने और कार ली थी। यह पूरा मामला सोशल मीडिया ▶▶| शेष पेज 5 पर



### कारोबारी ने लगाया था ये आरोप

*इस मामले की शुरुआत तब हुई, जब रायपुर के एक कारोबारी दीपक टंडन ने डीएसपी कल्पना वर्मा पर 2 करोड़ रुपए, 12 लाख की हीरे की अंगूठी, पांच लाख की सोने की चेन और टॉप्स, इनोवा क्रिस्टा कार और एक लाख का ब्रेसलेट लेने का आरोप लगाया था। दीपक टंडन ने थाने में* ▶▶| शेष पेज 5 पर

## निजी आवास से महज तीन किलोमीटर दूर रहने की तैयारी में लखमा

# मलकानगिरी में होगा पूर्व मंत्री कवासी का ठिकाना!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े दो हजार करोड़ रुपए के शराब घोटाले के आरोपी दक्षिण बस्तर के कोंटा विधानसभा क्षेत्र के सात बार के कांग्रेस विधायक कवासी लखमा का मौजूदा ठिकाना बदलेगा। सशर्त जमानत मिलने के बाद उनका नया पता पड़ोसी राज्य ओडिशा का मलकानगिरी होगा।

- रायपुर केंद्रीय जेल से रिहाई के बाद सुरक्षा व प्रोटोकॉल पर भी मंथन

खास खबर

गौरतलब है, पूर्व मंत्री को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत देते हुए स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जमानत अवधि के दौरान वे छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा के बाहर ही निवास करेंगे और जिस राज्य व जिले में रहेंगे, वहां के संबंधित थाना में प्रतिदिन अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। इसके साथ ही पासपोर्ट जमा करने सहित अन्य शर्तें भी लागू की गई हैं।

### छत्तीसगढ़ से बाहर रहने की शर्त पर मिली है जमानत



सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जमानत के बाद लखमा का ओडिशा राज्य के मलकानगिरी जिला मुख्यालय में रहने का कार्यक्रम लगभग तय माना जा रहा है। इस दिशा में तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं। कोंटा विधायक होने के कारण उन्हें वैधानिक सुरक्षा, प्रशासनिक समन्वय और आवश्यक प्रोटोकॉल उपलब्ध कराने को लेकर भी विचार किया जा रहा है। उनका निजी आवास सुकमा जिले में स्थित है, जहां से मात्र तीन किलोमीटर की दूरी पर ओडिशा का मलकानगिरी जिला सीमा क्षेत्र आरंभ हो जाता है। ऐसे में परिवारजनों के लिए उनसे मुलाकात करना भी अपेक्षाकृत आसान रहेगा।

बताया जा रहा है कि जमानत आदेश के बाद वे रायपुर केंद्रीय जेल से बाहर आ चुके हैं और अपने अधिवक्ता से विस्तृत चर्चा के उपरांत ओडिशा रवाना होने की तैयारी में हैं। ▶▶| शेष पेज 5 पर

### सुप्रीम कोर्ट की जमानत शर्तें और मलकानगिरी प्रवास

*सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दी गई जमानत सख्त शर्तों के साथ है, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य से बाहर निवास करना अनिवार्य किया गया है। जिस जिले में वे रहेंगे,वहां के स्थानीय थाना में प्रतिदिन उपस्थित होकर जानकारी देनी होगी। पासपोर्ट जमा करना अनिवार्य रहेगा और बिना अनुमति क्षेत्र परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा।*




धन्यवाद प्रस्ताव में मोदी के न आने पर बोले लोकसभा स्पीकर बिरला

# 'पीएम के साथ हो सकता था कुछ भी, मैंने ही उन्हें नहीं आने कहा था'

## आप पोस्टर, पम्फलेट लेकर आएंगे तो नहीं चलेगा सदन * सदन की गरिमा अक्षुण्ण रखना मेरी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बुधवार को सदन में न आने को लेकर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री के साथ अप्रत्याशित घटना हो सकती थी इसलिए मैंने ही उनसे सदन में न आने का आग्रह किया था, इसलिए वे नहीं आए। स्पीकर ने नसीहत दी कि सदन की गरिमा, परंपरा को रखो, तब सदन चलेगा। कल की घटना देश ने देखी है। किस तरीके से महिला सदस्य वहां तक पहुंची है। ये उचित नहीं था। स्पीकर ने कहा कि ये सदन की गरिमा के अनुकूल भी नहीं था। 4 फरवरी को शाम 5 बजे लोकसभा में धन्यवाद् प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देने वाले थे। हंगामे के कारण ऐसा नहीं हो सका और पीएम के जवाब के बिना ही लोकसभा से धन्यवाद प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित हो गया था।



'पुख्ता जानकारी आई कि कांग्रेस सदस्य अप्रत्याशित कर सकते हैं'

*बिरला ने कहा, जब सदन के नेता को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जवाब देना था, मेरे पास ऐसी पुख्ता जानकारी आई कि कांग्रेस पार्टी के कुछ सदस्य प्रधानमंत्री के आसन पर पहुंचकर कोई भी अप्रत्याशित घटना कर सकते हैं। स्पीकर ने आगे कहा कि यह दृश्य मैंने सदन में देखा भी। अगर यह घटना हो जाती, तो ये अलोकप्रिय दृश्य देश की लोकतांत्रिक परंपराओं को तार-तार कर देता। इसको टालने के लिए मैंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि उन्हें सदन में नहीं आना चाहिए। उन्होंने कहा कि सदन का सभापति होने के नाते मेरी जिम्मेदारी बनती थी कि सदन की उच्च परंपराओं, गरिमाओं को अक्षुण्ण बनाए रखें. स्पीकर ने कहा कि सदन के नेता सदन में ना बोलें, यह सभा के लिए किसी भी प्रकार से उचित नहीं है। सदन के नेता ने मेरे आग्रह को मानकर सदन को अप्रिय दृश्य से बचाया। उन्होंने अपना सुझाव मानने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया और विपक्ष को दो टूक कहा कि आप पोस्टर, पम्फलेट लेकर आएंगे तो सदन नहीं चलेगा। आज भी नहीं चलेगा, कल भी नहीं चलेगा।*

खास खबर

सदन के इतिहास में आज तक कभी नहीं हुआ

*स्पीकर ने चेयर से कहा कि कल लोकसभा के चैंबर में इस सदन के कुछ सदस्यों ने जिस तरह का व्यवहार किया, जिस तरह के दृश्यों का सृजन किया, वैसा इस सदन के इतिहास में आज तक कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि हमारी संसदीय प्रणाली में सदन के सभापति का गरिमामयी स्थान हमारे संविधान ने ही सुनिश्चित किया है। स्पीकर ने कहा कि राजनीतिक मतभेदों को सदन के कार्यालय तक कभी नहीं लाया गया, यही इतिहास रहा है। बिरला ने कहा कि प्रतिपक्ष के सदस्यों ने जो व्यवहार अध्यक्ष के कार्यालय में किया, वह हमारी संसदीय परंपराओं के लिए उचित नहीं था। स्पीकर ने कहा कि वह एक काले धब्बे की तरह था। हम सभी को सदन सुचारू रूप से चलाने में सहयोग करना चाहिए।*

### प्रियंका बोलीं- स्पीकर के पीछे छिप रहे हैं प्रधानमंत्री

लोकसभा स्पीकर बिरला के दावे को कांग्रेस ने बकवास बताया। कांग्रेस पार्टी की नेता प्रियंका गांधी ने सदन के बाहर मीडिया से बातचीत में कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी स्पीकर के पीछे छिप रहे हैं। कल उनमें सदन में आने की हिम्मत नहीं थी क्योंकि बेंच के सामने तीन महिलाएं खड़ी थीं।



यह कैसी बकवास है? गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री के खिलाफ किसी के हाथ उठाने, उन्हें चोट पहुंचाने या इस तरह की कोई भी बात का सवाल ही नहीं था। यह दावा करना बिल्कुल गलत है कि कोई प्लान था। लेकिन अगर आप अपने सदस्यों को खड़े होकर, किताबें कोट करके बकवास करने देंगे तो विपक्ष विरोध करेगा।

---

## खबर संक्षेप

### रोहित शेट्टी फायरिंग केस एक और आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई में फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के घर के बाहर शनिवार देर रात चार राउंड फायरिंग हुई थी। इस मामले में अब मुंबई क्राइम ब्रांच की एंटी-एक्सटॉर्शन सेल ने कार्रवाई की है। टीम ने एक और शख्स को गिरफ्तार किया है, जिसके बाद इस मामले में कुल 5 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में हैं। हालांकि, रोहित के घर पर फायरिंग करने वाला मुख्य आरोपी अभी भी फरार है। एंटी-एक्सटॉर्शन सेल ने जिस आरोपी को गिरफ्तार किया है, उसने उसी हथियार की सप्लाई की थी जिसका इस्तेमाल रोहित शेट्टी के घर पर फायरिंग में किया गया था।



### बंगाल : बेरोजगारों को हर माह मिलेंगे 1500 रुपये

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में राज्य की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने गुरुवार को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 04.06 लाख करोड़ रुपये का अंतरिम बजट पेश किया। राज्य की वित्त मंत्री ने घोषणा की कि ममता सरकार ने बेरोजगार युवाओं के लिए मासिक भत्ता देने का प्रस्ताव रखा है। बेरोजगार युवाओं को 5 साल तक 1500 रुपये मासिक भत्ता दिया जाएगा, यह योजना जल्द शुरू होगी। इस बजट में पश्चिम बंगाल सरकार ने अपनी सबसे बड़ी योजना 'लक्ष्मी भंडार' का ऐलान किया।



### हरिद्वार में विसर्जित की गईं अजित पवार की अस्थियां

**हरिद्वार।** महाराष्ट्र के पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार की अस्थियों को आज गंगा में प्रवाहित कर दिया गया। राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज शर्मा अस्थि कलश लेकर हरिद्वार पहुंचे थे और उन्होंने ही वैदिक विधि-विधान के साथ विसर्जन कराया। इस दौरान एनसीपी के कई नेता मौजूद रहे, जबकि पवार परिवार का कोई सदस्य कार्यक्रम में शामिल नहीं हुआ। यह विसर्जन एक बड़ी अस्थि कलश यात्रा की शुरुआत है, जो देश के अलग-अलग धार्मिक स्थलों और नदियों से होकर गुजरेगी। एनसीपी के कार्यकर्ताओं के मुताबिक यह यात्रा लगभग 14 राज्यों में जाएगी।

---

सुप्रीम कोर्ट ने उठाए गंभीर सवाल, जमानत पर सोचने के लिए कहा

# 'वांगचुक की स्वास्थ्य रिपोर्ट ठीक नहीं हिरासत पर फिर से विचार करे सरकार'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की हिरासत पर पुनर्विचार करने को कहा है। कोर्ट ने उनकी सेहत की चिंताजनक स्थिति को देखते हुए यह टिप्पणी की। वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे. आंगमो द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस पीबी वराले की पीठ ने कहा कि हिरासत का आदेश 26 सितंबर 2025 को पारित हुआ था, जो लगभग पांच महीने पुराना है। कोर्ट ने कहा कि हिरासत में व्यक्ति की सेहत निश्चित रूप से अच्छी नहीं है। पहले देखी गई रिपोर्ट से भी उनकी स्वास्थ्य स्थिति चिंताजनक दिखती है। उम्र से जुड़े अन्य कारक भी हैं। क्या सरकार इस पर दोबारा विचार कर सकती है?

**खास बातें**

- सितंबर से हिरासत में हैं लद्दाख के चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता
- सरकार का कहना है- वांगचुक बॉर्डर एरिया में लोगों को भड़का रहे थे



### सरकार के पास एनएसए रद्द करने की शक्ति

सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) के.एम. नटराजन ने एनएसए को एक विशेष कानून बताते हुए कहा कि यह निवारक हिरासत है, न कि सजा देने वाली। इसका उद्देश्य सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखना या राज्य की सुरक्षा को खतरे से बचाना है। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से अथॉरिटी के विवेक पर निर्भर है। मजिस्ट्रेट ने सबूतों के आधार पर ही आदेश दिया होगा।एएसजी ने बताया कि एडवाइजरी बोर्ड जोधपुर गया था, जहां उसने वांगचुक से बातचीत की और उनका प्रतिनिधित्व भी लिया। सभी पहलुओं की जांच के बाद बोर्ड ने रिपोर्ट दी है। अगर बोर्ड की राय नेगेटिव भी हो तो भी सरकार के पास एनएसए रद्द करने की शक्ति है।

**'हिरासत मनमाना और मौलिक अधिकारों का उल्लंघन'**

कोर्ट ने एएसजी के विवेक पर सवाल उठाते हुए कहा कि विवेक कानून के दायरे में होना चाहिए। अगर कोई सिर्फ यह कह दे कि मुझे संभावित खतरा लगता है, तो केवल इतना आधार हिरासत के लिए पर्याप्त नहीं है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अनुच्छेद 32 के तहत यह हिरासत आदेश की अपील नहीं है, बल्कि आधार और सामग्री का राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंध जांचा जाता है। याचिका में गीतांजलि ने हिरासत को मनमाना और मौलिक अधिकारों का उल्लंघन बताया है। वहीं, केंद्र ने हिरासत को उचित ठहराया, लेकिन कोर्ट ने सेहत के आधार पर पुनर्विचार की अपील की। बता दें कि सोनम वांगचुक को 26 सितंबर 2025 को लेह में हिंसक प्रदर्शनों के बाद एनएसए के तहत हिरासत में लिया गया था।

### एनएसए के तहत हिरासत में हैं वांगचुक

सोनम वांगचुक के खिलाफ एनएसए के तहत हिरासत आदेश 26 सितंबर 2025 को जारी हुआ था। इसके बाद राज्य सरकार ने तय समय के भीतर आदेश को मंजूरी दी। सलाहकार बोर्ड ने भी अपनी रिपोर्ट सरकार को दे दी है। कानून के मुताबिक, जब तक हिरासत के 12 महीने पूरे न हो जाएं, सरकार हिरासत वापस न ले या कोर्ट आदेश को रद्द न कर दे, तब तक हिरासत जारी रह सकती है।

#### केंद्र की दलील

केंद्र सरकार ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि सोनम वांगचुक को इसलिए हिरासत में लिया गया, क्योंकि वे पाकिस्तान और चीन से सटे संवेदनशील बॉर्डर इलाके में लोगों को भड़का रहे थे। वांगचुक लद्दाख को नेपाल या बांग्लादेश जैसा बनाना चाहते हैं। ऐसे व्यक्ति को और जहर उगलने की इजाजत नहीं दी जा सकती। मेहता ने कहा कि नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे उदाहरण देना, युवाओं को भड़काने और देश की एकता के खिलाफ माहौल बनाने के बराबर है।

---

# फ्यूल स्विच में खामी थी तो बोइंग-787 विमान को उड़ान भरने क्यों दिया?

ब्रिटेन ने एअर इंडिया से मांगा जवाब, एक्शन की दी चेतावनी




एजेंसी ▶▶| लंदन

ब्रिटेन की सिविल एविएशन अथॉरिटी (सीएए) ने एअर इंडिया से बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान में फ्यूल कंट्रोल स्विच से जुड़ी एक गंभीर घटना पर स्पष्टीकरण मांगा है। यह मामला उस फ्लाइट से जुड़ा है, जो बीते रविवार को लंदन से भारत आई थी और बाद में सुरक्षा जांच के लिए ग्राउंड कर दी गई।

ब्रिटिश सीएए ने एअर इंडिया को भेजी चिट्ठी में कहा है कि अगर एयरलाइन एक सप्ताह के भीतर पूरी और संतोषजनक जानकारी नहीं देती है, तो एअर इंडिया और उसके बोइंग 787 बेड़े के खिलाफ नियामकीय कार्रवाई की जा सकती है। हालांकि यह चिट्ठी सार्वजनिक नहीं की गई है। एअर इंडिया ने अपने बयान में कहा है कि फ्यूल स्विच की एहतियातन दोबारा जांच की गई है और उसमें कोई तकनीकी खामी नहीं पाई गई। एयरलाइन ने यह भी कहा कि वह ब्रिटिश रेगुलेटर को औपचारिक जवाब देगी।

#### हादसे में हुई थी 260 लोगों की मौत

यूके एविएशन अथॉरिटी ने साफ किया कि किसी भी विमान से जुड़ी घटना के बाद जानकारी मांगना एक सामान्य प्रक्रिया है और यह सुरक्षा मानकों के तहत किया जाता है। यह मामला इसलिए संवेदनशील माना जा रहा है क्योंकि पिछले साल एअर इंडिया के एक ड्रीमलाइनर विमान के हादसे में 260 लोगों की मौत हो गई थी। उस हादसे में भी फ्यूल स्विच को लेकर सवाल उठे थे।

#### मेंटेनेंस कार्यों का मांगा ब्योरा

हालांकि भारत पहुंचने के बाद की गई जांच में फ्यूल स्विच सामान्य पाए गए। इसके बावजूद यूके की अथॉरिटी ने एअर इंडिया से विमान की एयरवर्थिनेस सुनिश्चित करने के लिए किए गए सभी मेंटेनेंस कार्यों का विस्तृत ब्योरा मांगा है। सीएए ने इस घटना की रूट कॉज एनालिसिस और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए एक ठोस एक्शन प्लान भी मांगा है।

---

कुकी ग्रुप्स ने बुलाया है आज बंद

# मणिपुर में ऑल इज नॉट वेल, नई डिप्टी सीएम नेमचा का विरोध

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मणिपुर में नवनियुक्त उपमुख्यमंत्री नेमचा किपगेन का विरोध हो रहा है। दिल्ली में कुकी-जो समूह से जुड़े लोगों ने मणिपुर भवन के बाहर प्रदर्शन किया था। मणिपुर में जॉइंट फोरम ऑफ सेवन (जेएफ7) ने शुक्रवार को सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक कुकी बहुल इलाकों में बंद का आह्वान किया है। ये विरोध प्रदर्शन कुकी समुदाय से आने वाली उपमुख्यमंत्री नेमचा का किया जा रहा है। कुकी-जो परिषद ने कहा है कि यदि समुदाय का कोई विधायक सामूहिक फैसले के खिलाफ सरकार में शामिल होता है, तो उसके फैसले की जिम्मेदारी संगठन की नहीं होगी। बता दें बुधवार को साल भर बाद मणिपुर से राष्ट्रपति शासन हटाया गया है और नए मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद सिंह ने शपथ ली है। खेमचंद मैतेई समुदाय से आते हैं, लेकिन बीरेन सिंह की तुलना में मध्यमार्गी माने जाते हैं। यही बात इन्हें कट्टर मैतेई लाइन से अलग करती है। मई 2023 हिंसा के बाद दिसंबर 2025 में कुकी बहुल इलाकों और रिलीफ कैंप का दौरा करने वाले वे पहले मैतेई नेता हैं।



#### बीरेन सरकार में मंत्री रह चुकी हैं नेमचा

नेमचा किपगेन कांगपोकपी से भाजपा विधायक हैं और इससे पहले बीरेन सिंह सरकार में सामाजिक कल्याण, सहकारिता, वाणिज्य, उद्योग और वस्त्र विभाग की मंत्री रह चुकी हैं। जातीय हिंसा के दौरान इम्फाल में उनका सरकारी आवास जला दिया गया था। वे उन 10 कुकी-जो विधायकों में शामिल हैं, जिन्होंने पहाड़ी क्षेत्रों के लिए अलग प्रशासन की मांग की थी। नेमचा के उपमुख्यमंत्री बनने के बाद मणिपुर के कुकी बहुल कांगपोकपी जिले में बुधवार रात प्रदर्शन हुए। लेइमाखोंग के पास प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर टायर जलाकर विरोध जताया।

---

केंद्र और ईएनपीओ प्रतिनिधियों के बीच ऐतिहासिक समझौता

# नागालैंड टेरिटोरियल अथॉरिटी की स्थापना का मार्ग हुआ प्रशस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शांतिपूर्ण और समृद्ध पूर्वोत्तर के विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तौर पर आज भारत सरकार, नगालैंड सरकार और ईस्टर्न नगालैंड पीपुल्स ऑर्गनाइजेशन (ईएनपीओ) के प्रतिनिधियों के बीच नई दिल्ली में एक ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। ईएनपीओ नगालैंड के छह पूर्वी जिलों के आठ मान्यता प्राप्त नगा जनजातियों का प्रतिनिधित्व करने वाला शीर्ष संगठन है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफिउ रियो की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते से नगालैंड के छह जिलों — तुएनसांग, मोन, किफिरे, लॉन्गलेंग, नोकलाक और शमाटोर के लिए फ्रंटियर नगालैंड टेरिटोरियल अथॉरिटी (एफएनटीए) के गठन का मार्ग प्रशस्त होगा और संस्था को 46 विषयों के संबंध में शक्तियों का हस्तांतरण किया जाएगा। इस अवसर पर शाह ने कहा कि वे ईएनपीओ के प्रतिनिधियों को यह विश्वास दिलाना चाहते हैं कि भारत सरकार पूर्वी नागालैंड के विकास में सहायता भी करेगी और इसकी जिम्मेदारी भी उठाएगी।

#### गृहमंत्री शाह ने कहा- नागालैंड में शांति के साथ अब होगा चौतरफा विकास



समझौते पर हस्ताक्षर से पहले नागालैंड के सीएम नेफियू रियो की मौजूदगी में केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह पारंपरिक नागा पोशाक पहने हुए थे।

#### ये रहे बैठक में मौजूद

इस ऐतिहासिक समझोते के अवसर पर नगालैंड के उप-मुख्यमंत्री यांथुंगो पैटन, उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति, केन्द्रीय गृह मंत्रालय और नगालैंड सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

---

गाजियाबाद केस ने बढ़ाई चिंता, पैरेंट्स बच्चों में ये संकेत न करें नजरअंदाज

# कोरियन लव गेम, ब्लू व्हेल, मोमो चैलेंज का खतरनाक जाल

*तीन बहनों ने ऑनलाइन गेम की लत के चलते कर लिया था सुसाइड*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गाजियाबाद में हाल में तीन बहनों ने पिता द्वारा कोरियन गेम खेलने से मना करने पर विरोध स्वरूप छत से कूदकर जान दे दी थी। इस दुखद घटना ने में डिजिटल लत के बारे में नेशनल बहस को फिर से छेड़ दिया है। पैरेंट्स से लेकर जनमानस को चिंता में डाल दिया है। यह घटना दिखाती है कि ब्लू व्हेल चैलेंज, मोमो चैलेंज और उभरते कोरियन लव गेम ट्रेंड्स जैसे 'डार्क रोलप्ले गेम्स' फिर से बढ़ रहे हैं, जिन्हें पेरेंट्स को तुरंत समझने की जरूरत है। 3 रेड फ्लैग्स हैं जिनके बारे में पेरेंट्स को पता होना चाहिए।



#### यह कहा एक्सपर्ट्स ने

वैशाली के मैक्स सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट और सीनियर कंसल्टेंट वंदना प्रकाश ने कहा कि जब गेमिंग मनोरंजन के बजाय जुनून बन जाता है तो कमजोर टीनएजर्स डिप्रेशन या रिस्की बिहेवियर में फंस सकते हैं। मुंबई की फॉरेंसिक मनोवैज्ञानिक दीप्ति पुराणिक ने कहा कि किशोर खुद को अपनी गेमर पहचान से जोड़ते हैं और इसे छीन लेने से गंभीर परिणाम होते हैं।

#### सुसाइड पैक्ट और सीक्रेट ग्रुप

स्ट्रक्चर्ड 'गेम्स' के अलावा, छिपे हुए ऑनलाइन ग्रुप भी होते हैं जहां बच्चों को सुसाइड पैक्ट बनाने के लिए तैयार किया जाता है। ये ग्रुप अक्सर खुद को सपोर्ट कम्युनिटी के तौर पर दिखाते हैं लेकिन धीरे-धीरे इमोशनल प्रेशर और सीक्रेसी के जरिए मेंबर्स को खतरनाक कामों के लिए उकसाते हैं। सोशल मीडिया पर कुछ रोलप्ले कम्युनिटी बच्चों को हिंसक, डिप्रेशन वाले या खुद को नुकसान पहुंचाने वाले सीन करने के लिए बढ़ावा देती हैं।

#### ये हैं संकेत, इनका ध्यान रखें पैरेंट्स

चेतावनी के संकेतों में बहुत ज़्यादा स्क्रीन टाइम, परिवार और दोस्तों से दूरी, पढ़ाई में गिरावट और मूड में बदलाव शामिल हैं। मोमो चैलेंज, ब्लू व्हेल चैलेंज और कोरियन 'लव गेम' जैसे गेम्स टीनएजर्स को बढ़ते चैलेंज पूरे करने के लिए लुभाते हैं। ये अक्सर देर रात तक जागने या कुछ खास वीडियो देखने जैसे नुकसान न पहुंचाने वाले कामों से शुरू होते हैं।

---

उम्रकैद की मिली सजा, जज ने कहा राक्षसी

# अमेरिका में दंपती ने अपने ही दो बच्चों के सिर काटे

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक दंपती को उनके दो बच्चों की क्रूर हत्या के लिए उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। मॉरिस ज्वेल टेलर सीनियर (39 वर्ष) और उनकी पत्नी नताली सुमिको ब्रॉथवेल (49 वर्ष) को अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाईं, साथ ही अतिरिक्त छह साल की सजा भी दी गई। जज ने इस अपराध को राक्षसी करार देते हुए कहा कि यह बेहद क्रूर हरकत है, जिसमें उन्होंने अपने 13 साल की बेटी मालियाका और 12 साल के बेटे मॉरिस की हत्या की, जिसमें चाकू से वार कर सिर काट दिया गया। यह घटना 29 नवंबर 2020 को उनके घर में हुई थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, हत्या के बाद दंपती ने अपने दो छोटे बेटों को जबरन अपने भाई-बहन के कटे हुए शव देखने के लिए मजबूर किया और उन्हें कई दिनों तक बिना खाना दिए कमरों में बंद रखा।

#### ऐसे चला मामले का पता

नवंबर 2025 में जूरी ने दोनों को दो मामलों में प्रथम श्रेणी की हत्या और बच्चों के साथ क्रूरता से दुर्व्यवहार के दो मामलों में दोषी ठहराया था। पुलिस को इस मामले की जानकारी तब मिली जब टेलर, जो एक पर्सनल ट्रेनर थे और कोविड-19 महामारी के दौरान ऑनलाइन जूम सेशन्स लेते थे, अचानक अपने शेड्यूल्ड मीटिंग्स में लॉग इन करना बंद कर दिया। चिंतित क्लाइंट्स ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची तो घर में दो बच्चों के शव अलग-अलग बेडरूम में मिले, जिन पर तेज धार वाले हथियार से हमले के निशान थे।

रायपुर

शुक्रवार 6 फरवरी 2026

फाल्गुन कृष्ण पक्ष पंचमी

वर्ष : 24, अंक : 197

पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम

अधि. 30.7
न्यून. 18.4

haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


### सोने के दांत बनना दशकभर पहले ही बंद

*एक समय था जब लोग दांत गिर जाने पर या किसी दांत के सड़ जाने पर उसके स्थान पर सोने के दांत लगवाना पसंद करते थे। यह एक तरह से सोशल स्टेट्स का भी मामला था और फैशन का भी। लेकिन शहर के दंत चिकित्सकों की मानें तो सोने की कीमतें बढ़ने के साथ ही इसका चलन धीरे-धीरे कम होना प्रारंभ हो गया। लगभग दशकभर पहले से सोने के दांत बनाए जाना लगभग बंद हो गए हैं। बीते वर्ष तक अपवादस्वरूप एकाध मामले ही सामने आए जहां लोगों को सोने की कैप या इस तरह की चीजें लगानी थी। लेकिन हाल के महीनों में इस तरह की ख्वाहिश किसी भी मरीज ने जाहिर नहीं की है। ऐसा सोने की आसमान छू रही कीमतों के कारण है।*

# दांतों में महंगाई का दर्द...सोना बंद, चांदी भरना चार गुना महंगा सरकारी अस्पताल में राहत क्योंकि यहां सालभर का स्टॉक

रुचि वर्मा ▶▶| रायपुर

### सोने-चांदी के दाम बढ़े तो दांत का इलाज भी हुआ प्रभावित

सोने-चांदी की कीमतें बढ़ने के बाद आपको अपने दांतों का अतिरिक्त ख्याल रखना चाहिए, क्योंकि इसका इलाज अब महंगा हो गया है। दरअसल, दांत के सड़े हुए हिस्सों को निकालने के बाद वहां पर चांदी भरी जाती रही है। दांतों के फीलिंग मटेरियल के रूप में चांदी का इस्तेमाल पहले से होता रहा है। पहले जहां एक दांत में चांदी भरने में 500 से 700 रुपए तक का खर्च आकार के अनुसार आता था, तो अब वहीं खर्च चार गुना होकर 2,000 से 2,800 रुपए तक पहुंच गया है। चांदी की बढ़ती कीमतों को देखते हुए अब चांदी की जगह मिश्रित धातु का प्रयोग इलाज के लिए हो रहा है। वहीं सोने की जगह कास्ट मेटल ▶▶|शेष पेज 7 पर

- सड़न वाले दांतों में सोने-चांदी की जगह लगाए जा रहे हैं कास्ट मेटल



#### दाम बढ़ने से पहले ही खरीदी

सोने-चांदी के दाम बढ़ने से दांतों का इलाज महंगा हुआ है, लेकिन शासकीय दंत चिकित्सालय में सालभर का स्टॉक है। चांदी के दाम बढ़ने के पूर्व ही हमने इसकी खरीदी कर ली थी, इसलिए हम प्रभावरहित हैं।

-डॉ.वीरेंद्र वाढेर, प्राचार्य, शासकीय दंत महाविद्यालय व चिकित्सालय

#### सरकारी मरीजों को राहत

निजी अस्पताल में इलाज कराने वालों को पहले की तुलना में जेब अधिक ढीली करनी पड़ रही है। सोने-चांदी के अलावा अन्य मिश्रित धातुओं की कीमतें भी बढ़ी हैं। वहीं, शासकीय दंत चिकित्सालयों में इलाज करा रहे मरीज राहत की सांस ले रहे हैं, क्योंकि यहां कीमतें जस की तस हैं। राजधानी के शासकीय दंत महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में इलाज के दौरान सोने का प्रयोग नहीं होता है, लेकिन फिलिंग के लिए केस की आवश्यकतानुसार चांदी प्रयोग में लाई जाती है। चांदी की कीमतें बढ़ने के पहले ही यहां सालभर का स्टॉक खरीदकर रख लिया गया था। अब चांदी खत्म होने के बाद ही दोबारा खरीदी होगी।





inh 24x7 छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें TATA PLAY चैनल नं. 1155 airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### कर्मचारियों को डीए भुगतान के निर्देश



नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को पश्चिम बंगाल सरकार को 2008 से 2019 की अवधि के लिए अपने कर्मचारियों को महंगाई भत्ते का भुगतान करने का निर्देश दिया। न्यायालय ने यह निर्देश इस बात पर गौर करते हुए दिया कि महंगाई भत्ता कानूनी रूप से लागू करने योग्य अधिकार है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार चार की गई जान

उन्नाव। उन्नाव जिले में एक सड़क हादसे में दंपति और उसके दो बच्चों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान उन्नाव जिले के अजगैन गांव के निवासी वीरेंद्र (35), उनकी पत्नी रितु (33), उनकी नौ वर्षीय बेटी और छह वर्षीय बेटे के रूप में हुई है। यह हादसा बुधवार रात करीब साढ़े 11 बजे सोहरामऊ थाना क्षेत्र में लखनऊ-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भल्ला फार्म के पास हुआ।

# 12 नक्सलियों ने हथियार डाले, एक कमांडर मारा गया, हथियारों की फैक्ट्री मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के प्रवास के पहले बस्तर इलाके में नक्सलियों के खिलाफ गतिविधियां तेज रहीं। मुठभेड़ में एक नक्सली कमांडर तो मारा ही गया, 12 माओवादियों ने फोर्स के सामने हथियार डाल दिए। इधर, नारायणपुर इलाके में नक्सलियों की हथियार फैक्ट्री को भी पुलिस ने ढूंढ निकाला। बीजापुर जिले में गुरूवार को एक ओर जहां सुरक्षाबलों ने खूंखार नक्सली उधम सिंह को मुठभेड़ में मार गिराया, वहीं दूसरी ओर साउथ सब जोनल ब्यूरो में सक्रिय 12 नक्सलियों ने हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। समर्पित नक्सली कैडरों पर 54 लाख का रुपए का ईनाम घोषित था। इन 12 नक्सलियों ने हिंसा और जनविरोधी विचारधारा का परित्याग कर एके 47, एसएलआर ▶▶|शेष पेज 7 पर

- शाह के आने से पहले बस्तर में नक्सल-मूवमेंट, आत्मसमर्पण करने वालों पर था 54 लाख का था ईनाम





#### समर्पित नक्सलियों में यह शामिल

समर्पण करने वाले 12 कैडरों में डीव्हीसीएम, पीपीसीएम, एसीएम, पार्टी सदस्य तथा पीएलजीए सदस्य शामिल हैं। इनमें 8-8 लाख के ईनामी डीवीसीएम व कटेकल्याण एरिया कमेटी इंचार्ज सोमडू मड़कम, हुंगी कुंजाम उर्फ सोनी बटालियन नम्बर एक की मेंबर, पायकी कुंजाम कंपनी नम्बर दो की मेंबर के अलावा 5-5 लाख के ईनामी आयती मड़कम ऊर्फ पुन्नी उत्तर सब जोनल ब्यूरो पीपीसीएम, चमनलाल कुडियम ऊर्फ छोटू पश्चिम बस्तर डीविजन सदस्य (एसीएम), पार्वती पुनेम ऊर्फ राघो गंगालूर एरिया कमेटी सदस्या (एसीएम) 2 लाख की ईनामी सन्ना माड़वी मेंबर पश्चिम बस्तर डिविजन तथा 1-1 लाख के ईनामी शांति कुडियम मेंबर नेशनल पार्क एरिया कमेटी, छोटी तेलम भैरमगढ एरिया कमेटी पीएलजीए सदस्या, जिम्मो उईका ऊर्फ अंकिता मद्देड़ एरिया कमेटी पीएलजीए सदस्या, शमीला मड़कम भैरमगढ एरिया कमेटी पीएलजीए सदस्या तथा हिड़मा माड़वी दरभा डिविजन पीएलजीए सदस्य शामिल है।

### प्लाटून नम्बर 13 का इंचार्ज उधम मारा गया



छग-तेलंगाना बार्डर में दो दशक से सक्रिय दुर्दांत नक्सली उधम सिंह गुरूवार को आखिरकार मुठभेड़ में मारा गया। मारे गए नक्सली प्लाटून नम्बर 13 के इंचार्ज डीवीसीएम पर 8 लाख रुपए का ईनाम घोषित था। सुबह हुए मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने उसके शव के अलावा एके 47 रायफल, मैग्जीन, जिंदा राउण्ड, विस्फोटक, वायरलेस सेट व अन्य सामान बरामद किया है। एसपी बीजापुर डॉ जितेन्द्र यादव ने बताया कि जिले के दक्षिण क्षेत्र तर्रेम थाना क्षेत्र के ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### सख्त कार्रवाई

बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बल सतर्कता, संयम और संकल्प के साथ शांति एवं जनसुरक्षा बनाए रखने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। आम नागरिकों की सुरक्षा, क्षेत्र में विश्वास का वातावरण और विकास की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना सुरक्षा बलों की पहली प्राथमिकता है। हिंसा का मार्ग अपनाने वालों के विरुद्ध कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

सुंदरराज पट्टलिंगम
आईजी, बस्तर

### हथियारों का जखीरा बरामद

## 1 हजार किलो एल्यूमीनियम छड़ हजारों की संख्या में लोहे के पाइप कटर व वेल्डिंग सामान बरामद



नारायणपुर। डीआरजी की टीम नारायणपुर के अबूझमाड़ क्षेत्रों में चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षा बलों को एक बार फिर बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। नक्सल विरोधी अभियान के दौरान नारायणपुर पुलिस को नक्सली हथियार फैक्ट्री को जड़ से उखाड़ फेंकने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। खुफिया सूचना के आधार पर थाना सोनपुर से संचालित सर्च ऑपरेशन के दौरान कोरसकोड़ों-पांगुड-कंदुलपार क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा पूर्व में छिपाकर रखे गए बड़े डंप का सफलतापूर्वक पता लगाया गया। इस इनपुट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए डीआरजी टीम ने ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### तलाशी अभियान में मिला हथियारों का जखीरा

तलाशी के दौरान सुरक्षाबलों ने नक्सल डंप लोहा पाइप हाफ इंच 584 नग, लोहा पाइप 1 इंच 588 नग, लोहा पाइप डेड इंच 70 नग, लोहा पाइप 2 इंच 30 नग, लोहा पाइप डेढ़ इंच 11 नग, लोहा पाइप ढाई इंच 3 नग, एल्युमिनियम छड़ हाफ इंच 140 नग, एल्युमिनियम 2 इंच 32 नग, एल्युमिनियम 3 इंच 30 नग के अलावा बीजीएल सेल 61 नग, बीजीएल सेल ▶▶|शेष पेज 7 पर

### बैन के बाद भी हो रही थी खुदाई

## 'अवैध' कोयला खदान में ब्लास्ट 16 मजदूरों की मौत, कई फंसे



एजेंसी ▶▶| शिलांग

मेघालय के ईस्ट जयंतिया हिल्स जिले में गुरुवार को 'अवैध' कोयला खदान में विस्फोट होने से कम से कम 16 मजदूरों की मौत हो गई और कई अन्य के फंसे होने की आशंका है। पुलिस महानिदेशक आई नोंगरंग ने यह जानकारी दी। डीजीपी ने बताया कि यह घटना थांगस्कू इलाके में हुई और बचाव दल तलाशी अभियान चला रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने अब तक 16 शव बरामद किए हैं, लेकिन विस्फोट के समय खदान के अंदर मौजूद लोगों की संख्या के बारे में सटीक जानकारी नहीं है। कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। ईस्ट जयंतिया हिल्स के पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि घटना में घायल एक व्यक्ति को एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जिसके बाद बेहतर इलाज के लिए उसे राज्य की राजधानी शिलांग रेफर कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने 2014 में मेघालय में 'रैट-होल' कोयला खनन तथा खनन के दूसरे अवैज्ञानिक तरीकों पर प्रतिबंध लगा दिया था।

#### अधिकरण ने लगाया था बैन

गौरतलब है कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने अप्रैल 2014 में मेघालय में खतरनाक 'रैट-होल' कोयला खनन पर इसके अवैध और अवैज्ञानिक स्वरूप के कारण प्रतिबंध लगा दिया था। मेघालय हाई कोर्ट द्वारा कोयले से जुड़े मामलों की निगरानी के लिए नियुक्त किए गए न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) ब्रोजेंद्र प्रसाद काटाके ने कहा था कि सरकार के ऐसी गैर-कानूनी गतिविधियों को रोकने के आश्वासन के बावजूद, राज्य में अवैध कोयला खनन और ट्रांसपोर्टेशन जारी है। हालांकि मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने उस समय दावा किया था कि जिला प्रशासन सतर्क है और अवैध खनन से जुड़े 1,000 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं।

#### कैसे हुआ हादसा

प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, एक पहाड़ी पर अवैध खनन किया जा रहा था। यह विस्फोट के कारण ढह गई, जिससे वहां काम कर रहे कई खनिक दब गए। इससे पहले 23 दिसंबर, 2025 को भी थांगस्को गांव में एक विस्फोट हुआ था, जिसमें दो खनिकों की जान चली गई थी।

### नौ साल पहले लगा था बैन

## अनुराग को राहत, बीसीसीआई की बैठक में ले सकेंगे हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर को बड़ी राहत प्रदान कर दी है। कोर्ट ने उन पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के कामकाज में भाग लेने पर लगा प्रतिबंध हटा दिया है। जनवरी 2017 में, सुप्रीम कोर्ट ने ठाकुर को बीसीसीआई के मामलों से जुड़े रहने से रोकने और परहेज करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने कहा कि ▶▶|शेष पेज 7 पर



#### माफी मांगने पर राहत

सर्वोच्च न्यायालय ने 2 जनवरी, 2017 को ठाकुर के खिलाफ अवमानना और झूठी गवाही की कार्यवाही शुरू की थी, क्योंकि उन्होंने बीसीसीआई की स्वायत्तता के मुद्दे पर तत्कालीन आईसीसी के अध्यक्ष शशांक मनोहर को पत्र लिखने के संबंध में झूठा हलफनामा दाखिल किया था।

### ट्रंप के दावे पर बोला भारत

## भारत रूस से तेल नहीं खरीदने के लिए राजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत रूस से तेल नहीं खरीदने के लिए राजी हो गया है। यह दावा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किया था। गुरुवार को भारत की ओर से अमेरिका के इस दावे पर पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया आई है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि मौजूदा अंतरराष्ट्रीय माहौल में ऊर्जा क्षेत्र को लेकर भारत अपनी 140 करोड़ ▶▶|शेष पेज 7 पर



#### ट्रंप ने किया था बड़ा दावा


ट्रंप ने दावा किया था कि भारत इस बात के लिए तैयार हो गया है कि रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा और इसके बदले वेनेजुएला के तेल में निवेश करेगा। ट्रेड के अलावा हमने कई चीजों पर बात की, रूस और यूक्रेन में युद्ध खत्म होने, रूसी तेल खरीदना बंद करने की बात हुई।

### यूजर्स हुए परेशान

## अचानक डाउन हुआ एक्स कई शहरों में सर्विस ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश के कई शहरों में शाम 4 बजे के आसपास सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स डाउन हो गया। डाउन डिटेक्टर पर दिल्ली, मुंबई, बंगलूरू समेत कई शहरों से यूजर्स ने एक्स के ठप होने की जानकारी दी। लगभग 64 फीसदी यूजर्स ने वेबसाइट में समस्या रिपोर्ट की है, जबकि 23% यूजर्स ने एप में परेशानी की बात कही है। वहीं, 13% लोगों का कहना है कि उन्हें लॉगइन या लॉगआउट में दिक्कतें आ रही हैं।



#### इंस्टाग्राम भी हुआ डाउन

बता दें कि 5 फरवरी की सुबह, इंस्टाग्राम भी कुछ देर के लिए दुनियाभर में डाउन रहा। ट्रैकिंग वेबसाइट 'डाउनडिटेक्टर' के आंकड़ों के अनुसार, भारतीय समयानुसार गुरुवार सुबह 7:00 बजे तक करीब 10,000 से अधिक यूजर्स इस समस्या की शिकायत दर्ज करा चुके थे।

### मुफ्त उपहार के राजनीतिक दलों के चुनावी वादों पर सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

# सूरज-चंद्रमा को छोड़कर हर चीज देने का वादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अलग खबर

उच्चतम न्यायालय ने 'अतार्किक मुफ्त उपहार' की चुनावी घोषणा या वादा करने वाली किसी राजनीतिक पार्टी का चुनाव चिह्न जब्त करने अथवा उसका पंजीकरण रद्द करने के निर्देश संबंधी जनहित याचिका को सुनवाई के लिए मार्च में सूचीबद्ध करने पर गुरुवार को सहमति जताई। याचिकाकर्ता वकील अश्विनी उपाध्याय ने सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ को बताया कि सूर्य और चंद्रमा को छोड़कर, राजनीतिक दल चुनाव के दौरान मतदाताओं से हर चीज का वादा करते हैं और यह भ्रष्टाचार का ग्रसित तरीका है। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा, यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। कृपया हमें याद दिलाएं और अंत में इसका उल्लेख करें। हम इसे मार्च में सूचीबद्ध करेंगे। याचिकाकर्ता वकील अश्विनी उपाध्याय ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ को बताया कि उनकी जनहित याचिका पर केंद्र और ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### याचिकाकर्ता की ऐसी दलील

- 'अतार्किक मुफ्त उपहार' चुनावी वादा मतदाताओं को गलत तरीके से प्रभावित करता है
- निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बाधित करता है
- निर्वाचन प्रक्रिया की शुचिता को दूषित करता है




#### चुनाव आयोग को निर्देश देने की मांग

याचिका में चुनाव आयोग को यह निर्देश देने की भी मांग की गई है कि वह चुनाव चिह्न (आरक्षण और आवंटन) आदेश 1968 के संबंधित अनुच्छेदों में एक अतिरिक्त शर्त जोड़े, जो राज्य दल के रूप में मान्यता की शर्तों से संबंधित है, कि कोई भी राजनीतिक दल चुनाव से पहले सार्वजनिक निधि से तर्कहीन मुफ्त उपहारों का वादा/वितरण नहीं करेगा।

#### मतदाताओं को रिश्वत के समान

याचिका में कहा गया है, याचिकाकर्ता का निवेदन है कि चुनाव को ध्यान में रखते हुए मुफ्त उपहार देकर मतदाताओं को प्रभावित करने की राजनीतिक दलों की हालिया प्रवृत्ति न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा है, बल्कि संविधान की भावना को भी ठेस पहुंचाती है। याचिका में आगे कहा गया है, यह अनैतिक प्रथा सत्ता में बने रहने के लिए सरकारी खजाने की कीमत पर मतदाताओं को रिश्वत देने के समान है और लोकतांत्रिक सिद्धांतों और प्रथाओं को संरक्षित करने के लिए इससे बचना चाहिए।



# जापान के सिनेमाघरों में जल्द रिलीज होगी एनिमल

**मुंबई।** पिछले दिनों अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' जापानी भाषा में रिलीज हुई थी। अब रणबीर कपूर की 'एनिमल' भी जापान के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। जापान के दर्शकों के बीच बॉलीवुड फिल्मों का क्रेज बढ़ता जा रहा है। वहीं, फिल्म मेकर्स भी इसमें फायदा देखते हुए अपनी फिल्मों को वहां के सिनेमाघरों में उतारने की कोशिश में लगे हैं। कुछ समय पहले ही पुष्पा 'कुनरिन' रिलीज हुई है, और अब 'एनिमल' भी रिलीज होने वाली है। इसी मौके पर रणबीर कपूर ने अपने दादा राज कपूर के जापानी लोगों के साथ लगाव पर बात की। संदीप रेड्डी वंगा की फिल्म 'एनिमल' 13 फरवरी को जापान में रिलीज होने जा रही है। वहीं, फिल्म की रिलीज से पहले इसका एक स्पेशल शो रखा गया। इसी मौके पर रणबीर कपूर ने दर्शकों को शुक्रिया कहा। यह भी बताया कि उनका जापानी लोगों के साथ एक खास रिश्ता है।

लाइफ Style

# राशा
## डेब्यू गाना शिव को किया समर्पित



पिछले साल फिल्म 'आजाद'से रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था। अब वह फिल्म 'लईकी लईका'में नजर आएंगी। यह राशा की बॉलीवुड में दूसरी फिल्म होगी। इस फिल्म के साथ राशा ने सिंगिंग में भी डेब्यू किया है। राशा थडानी ने अपनी आने वाली फिल्म 'लईकी लईका' के गाने 'छाप तिलक'से सिंगिंग में भी डेब्यू किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

इस फिल्म में उनके साथ अभय वर्मा भी हैं। राशा ने हाल ही में सिंगिंग करने से जुड़ा अपना एक्सपीरियंस एक इंटरव्यू में साझा किया है। उन्हें इसे सपने के सच होने जैसा बताया। एक इंटरव्यू में राशा थडानी बताती हैं कि उन्होंने बचपन से ही म्यूजिक में ट्रेनिंग ली है। वह कहती हैं, 'मैं जब 5 साल की थी, जब मैंने उस्ताद कादिर मुस्तफा खान से हिंदुस्तानी क्लासिकल म्यूजिक सीखना शुरू किया। इसके अलावा मैंने जैज म्यूजिक भी सीखा है। म्यूजिक मेरे लिए एक तरह का सुकून है। जब मैं रियाज करती हूं, तो वो एक घंटा सिर्फ मेरा होता है। मैं हमेशा से गाना चाहती थी, यही मेरा पैशन रहा है। लेकिन मैं पूरी तरह एक शॉवर सिंगर हूं। आज मुझे म्यूजिक इंडस्ट्री में कदम रखने का मौका मिला है, इसके लिए मैं बहुत शुक्रगुजार हूं।' राशा थडानी ने फिल्म 'लईकी लईका' में जो गाना गया है, उसके बारे में जानकारी साझा की है। इस गाने को भगवान शिव को समर्पित किया है। वह कहती हैं, 'मैंने 12 ज्योतिर्लिंगों की यात्रा की है। मेरे लिए भगवान शिव सिर्फ एक भगवान नहीं, जिंदगी का हिस्सा हैं। वो हर दिन मेरे साथ रहते हैं। इस गाने में जब डमरू की बात होती है, तो मुझे नटराज का नृत्य याद आता है। भगवान शिव कला और नृत्य के देवता हैं।

हॉलीवुड मसाला



# 16 साल की उम्र से म्यूजिक बनाना किया शुरू

**मुंबई।** फिल्म 'धुरंधर' में इंटरनेशनल रैपर फ्लिपराची ने '**FA9LA**' गाने तहलका मचा दिया था। अब 'धुरंधर 2' में एक और इंटरनेशनल सिंगर का गाना फैंस को सुनने को मिलेगा। इस सिंगर का नाम डोजा कैट है? फिल्म 'धुरंधर 2' का टीजर दो दिन पहले रिलीज हुआ। इस टीजर को देखते हुए फैंस का ध्यान इस बात पर गया कि आखिर में डोजा कैट का गाना 'आह मैन बजता है। इस बात को मेकर्स ने भी टीजर के साथ कंफर्म किया है कि फिल्म में उनका यह गाना इस्तेमाल किया गया है। आज डोजा कैट अमेरिका की पॉपुलर सिंगर, सॉन्ग राइटर, रैपर हैं। उनका असली नाम अमाला रत्ना जैंडिले डलामिनी है। अमेरिका के लॉस एंजिल्स में जन्मी ( (21 अक्टूबर 1995) डोजा कैट ने 16 साल की उम्र से म्यूजिक बनाना शुरू किया। आज वह सबसे चर्चित पॉप स्टार के तौर पर मशहूर हैं। साल 2023 में उन्हें टाइम मैगजीन के सबसे पॉपुलर लोगों की लिस्ट में शामिल किया गया था।

# ड्रग लॉर्ड पाब्लो अकोस्टा के रूप में मिली प्रसिद्धि



**लॉस एंजिल्स।** प्रसिद्ध मैक्सिकन अभिनेता और डांसर गेरार्डो तरासेना का 55 साल की उम्र में निधन हो गया। वह फिल्म 'एपोकैलिप्टो' में अपनी भूमिका के लिए बहुत प्रसिद्ध थे। उनका कॅरियर 30 साल से ज्यादा लंबा रहा। गेरार्डो तरासेना का जन्म 1970 में मैक्सिको सिटी में हुआ था। सिनेमा में जाने से पहले उन्होंने एक डांसर और थिएटर अभिनेता के रूप में अपना कॅरियर शुरू किया। गेरार्डो तरासेना ने मैन ऑन फायर, द मैक्सिकन और नेटफ्लिक्स की सीरीज नार्कोसः मैक्सिको जैसी कई बड़ी फिल्मों और सीरीज में काम किया। गेरार्डो को खासतौर पर नेटफ्लिक्स सीरीज 'नार्कोसः मैक्सिको' में ड्रग लॉर्ड पाब्लो अकोस्टा के रूप में काफी प्रसिद्धि मिली।

## पर्दे पर हाउसवाइफ का निभाएंगी किरदार

मुंबई। आलिया भट्ट बीते कुछ समय से बड़े पर्दे पर नजर नहीं आई हैं। उनकी आखिरी रिलीज फिल्म 'जिगरा'थी, जो अक्टूबर 2024 में रिलीज हुई थी। पूरे 2025 में आलिया की एक भी फिल्म रिलीज नहीं हुई। इस बीच अब आलिया भट्ट की आगामी फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आ रही है। इस फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक कर सकते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, आलिया भट्ट आगामी फिल्म



'हाउसवाइफ'में लीड रोल में नजर आ सकती हैं। इस फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक करेंगे, जिन्होंने इससे पहले 'दृश्यम 2' जैसी हिट फिल्म बनाई थी। अगर आलिया इस फिल्म में काम करती हैं, तो वे एक शादीशुदा महिला का किरदार निभाएंगी। कहानी घर-परिवार से जुड़े मुद्दों पर आधारित होगी। यह पहली बार होगा जब आलिया इस तरह के किरदार में नजर आएंगी।




# धुरंधर 2 ने रिलीज से पहले ही कमा डाले करोड़ों



एजेंसी ⏭ मुंबई

रणवीर सिंह की धुरंधर पार्ट 2 ने रिलीज से पहले ही करोड़ों की कमाई कर ली है। इस फिल्म ने अपनी ही पहली फिल्म का एक रिकॉर्ड भी ब्रेक किया है। धुरंधर पार्ट 2 के ओटीटी राइट्स पार्ट 1 से काफी ज्यादा महंगे बिके हैं। रणवीर सिंह की धुरंधर पार्ट 2 जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, लेकिन फिल्म ने रिलीज से पहले ही करोड़ों की कमाई कर ली है। रणवीर सिंह की धुरंधर पार्ट ने ओटीटी राइट्स में तगड़ी कमाई की है। हालांकि, धुरंधर पार्ट 2 के ओटीटी राइट्स में एक शिफ्ट हुआ है। धुरंधर पार्ट 1 की तरह धुरंधर 2 नेटफ्लिक्स पर रिलीज नहीं होगी।

## स्ट्रीमिंग राइट्स के मामले में पहले पार्ट को पीछे छोड़ा

रिपोर्ट की मानें तो धुरंधर पार्ट 2 के स्ट्रीमिंग राइट्स जियो हॉटस्टार ने लिए हैं। स्ट्रीमिंग राइट्स के मामले में धुरंधर पार्ट 2 ने पहले पार्ट को पीछे छोड़ दिया है। दूसरे पार्ट ने लगभग पहले पार्ट के मुकाबले दोगुना कमाई की है। धुरंधर 2: द रिवेंज की स्ट्रीमिंग राइट्स 150 करोड़ में बेचे गए हैं, जिससे यह हाल के समय के सबसे बड़े ओटीटी सौदों में से एक बन गया। रिपोर्ट के मुताबिक, नेटफ्लिक्स ने दोनों फिल्मों की रिलीज से पहले ही 175 करोड़ में स्ट्रीमिंग राइट्स खरीदने की बात कही थी। हालांकि, जियो स्टूडियोज ने इंतजार करना सही समझा। पहले पार्ट के डिजिटल राइट्स 85 करोड़ में बेचे गए। वहीं, धुरंधर पार्ट 2 के राइट्स 150 करोड़ में बिके हैं। धुरंधर की बात करें तो इस फिल्म को आदित्य धर ने लिखा और डायरेक्ट किया है। अब फैंस को फिल्म के पार्ट 2 का इंतजार है। पार्ट 2 में यामी गौतम भी नजर आ सकती हैं।

# भौकाल बड़े पर्दे पर, मिर्जापुर द मूवी की रिलीज डेट घोषित

एजेंसी ⏭ मुंबई

मिर्जापुरः द मूवी'को फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी ने एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले प्रोड्यूस किया है। गुरुवार को मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर फिल्म की रिलीज डेट के बारे में जानकारी दी। मेकर्स ने जो पोस्टर शेयर किया है उसमें रेत पर कई गाड़ियां दौड़ रही हैं और पीछे एक बड़ी सी कुर्सी एक कार में बंधी है। इसके साथ ही मेकर्स ने रिलीज डेट घोषित करते हुए कैप्शन में लिखा, अब देखिए भौकाल बड़े पर्दे पर। 'मिर्जापुरः द मूवी'4 सितंबर को आपके नजदीकी सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।'मिर्जापुर'की शुरुआत साल 2018 में एक वेब सीरीज के तौर पर हुई थी। इस क्राइम-थ्रिलर के पहले सीजन को काफी पसंद किया गया था।




## मुन्ना भइया घर-घर में हो गए मशहूर

फिल्म के एक-एक सीन से लेकर इसके डायलॉग तक काफी मशहूर हुए थे। देखते-देखते सीरीज के प्रमुख किरदार कालीन भइया (पंकज त्रिपाठी), गुड्डू पंडित (अली फजल) और मुन्ना भइया (दिव्येंदु शर्मा) घर-घर में काफी मशहूर हो गए। सीरीज की लोकप्रियता को भुनाते हुए मेकर्स साल 2020 में 'मिर्जापुर'का दूसरा सीजन लेकर आए। इस सीजन को भी पसंद किया गया और कहानी में कई नए मोड़ जोड़े गए। इसके लगभग चार साल बाद साल 2024 में मेकर्स 'मिर्जापुर' का तीसरा सीजन लेकर आए। हालांकि, इस बार कहानी दर्शकों को उतना प्रभावित नहीं कर पाई और सीरीज कोई खास चर्चा नहीं बटोर सकी। लेकिन अब मेकर्स मिर्जापुर की कहानी को बड़े पर्दे पर ला रहे हैं। ऐसे में दर्शकों का उत्साह इसे देखने के लिए चरम पर है।






# फर्जी लेटर के सहारे सालों नौकरी, सेवा समाप्ति के बाद अब आठ पर एफआईआर

खबर का असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़_ मोहला

राज्य शिक्षा आयोग के फर्जी लेटर के सहारे सरकारी नौकरी करने वाले जिले के चार और मोहला मानपुर जिले के चार कर्मचारियों के खिलाफ शिक्षा विभाग ने एफआईआर दर्ज कराया है। जानकारी अनुसार 2021 मे टीकम चंद साहू, फगेंद्र सिंहा, रजिया अहमद और अजहर अहमद जिले के अलग-अलग शालाओं में सहायक ग्रेड 3 के पद पर कार्य कर रहे थे जबकि डोलामणी मटारी, शादाब उस्मान, आशुतोष कछवाहा, अमीन शेख मोहला मानपुर जिले के अलग-अलग शालाओं में कार्यरत थे। अगस्त 25 को दो जिलो में फैला फर्जी नियुक्ति का नेटवर्क हेडिंग से हरिभूमि में समाचार प्रकाशित होने के बाद शिक्षा विभाग हरकत में आया। सभी की नियुक्ति को लेकर पड़ताल के दौरान पता चला कि राज्य शिक्षा आयोग के सचिव डॉ.ओपी मिश्रा के आदेश पर डाटा एंट्री आपरेटर के पद पर तीन और पांच सहायक ग्रेड तीन के पद पर सितंबर 2021 से काम कर रहे है। दोनों जिलों में शिक्षा विभाग के अवर सचिव द्वारा जारी मई 22 के आदेश के परिपालन में उन्हे ज्वाइंनिंग दी गई। इस संबंध में डीईओ कार्यालय से राज्य शिक्षा आयोग द्वारा जारी आदेश की सत्यता को लेकर जानकारी लेने पर पता चला कि उक्त क्रमांक का पत्र विभाग ने बैंक ऑफ बड़ौदा की विवेकानंद नगर शाखा को जारी किया है।

### हाई और हायर में मिली थी पदस्थापना

आयोग द्वारा सितंबर 21 मे जारी पत्र के आधार पर जिले में शिक्षा विभाग द्वारा मई 22 में टीकम चंद साहू को हाई स्कूल मोहगांव, फगेंद्र सिंहा को उमा शाला बकरकट्टा, रजिया अहमद को उमा शाला पैलीमेटा में सहायक ग्रेड तीन के रूप में और अजहर अहमद डाटा एंट्री ऑपरेटर को छुईखदान बीईओं में पदस्थापना आदेश जारी किया गया था। हालांकि इन चारों के अलावा सुश्री सी एच एंथोनी को भी ठाकुरटोला उमा शाला में सहायक ग्रेड 3 के रूप में पदस्थापना आदेश जारी किया गया था। लेकिन उसने अपनी उपस्थिति ही नही दी जिसके चलते पांच में से चार को पहले विभाग ने बर्खास्त किया फिर एफआईआर कराया है। इसी तरह डोलामणी मटारी, शादाब उस्मान, आशुतोष कछवाहा और मोहम्मद अमीन शेख भी मोहला मानपुर जिले के अलग-अलग शालाओं में काम कर रहे थे।

### हरिभूमि ने किया था खुलासा


सरकारी सिस्टम पर लगी सेंध, रेग्युलर कर्मचारी के तौर पर तैनात
फर्जी नियुक्ति पत्र के आधार पर 3 साल से नौ लोग बन गए शिक्षा विभाग के कर्मचारी

### कलेक्टोरेट मे भी किया काम

जिला गठन के बाद रजिया अहमद को कलेक्टोरेट के डीएमएफ शाखा में अजहर अहमद को अभियोजन शाखा में संलग्न किया गया था, वही फगेंद्र सिंहा और टीमक सिंहा से डीईओ ऑफिस मे काम लिया जा रहा था। मामले का खुलासा होने के बाद से ही चारों कर्मचारी अलग-अलग कारण बताकर अवकाश पर चले गए थे। तत्संबंध में कार्यालय द्वारा प्रतिरक्षा को लेकर दिया जवाब संतुष्टिजनक और दस्तावेज प्रमाणित नहीं पाया गया जिसके चलते उनकी नियुक्ति को वाजिब ठहराया जा सके। आखिरकार विभाग ने अगस्त में हुए खुलासे पर जांच परीक्षण सहित अन्य प्रक्रिया पूरी करने के बाद राज्य शिक्षा आयोग के फर्जी आदेश के सहारे सालों से नौकरी करने वालों के खिलाफ एफआईआर कराया है।

## खबर संक्षेप

### खेत में मिला तेंदुए का शावक, रायपुर में रखा



**नगरी।** सिहावा वनांचल क्षेत्र में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब खेतों के बीच एक तेंदुए का शावक देखा गया। इससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई और देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम पहुंची और शावक का सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल सफारी नवा रायपुर भेजा।
घटना बिरगुड़ी वन परिक्षेत्र के छिपलीपारा गांव की है। बताया जा रहा है कि 5-6 माह का तेंदुआ शावक श्रृंगी ऋषि पहाड़ी के नीचे स्थित जंगल से भटककर राजस्व क्षेत्र में आ गया था। खेत में शावक की मौजूदगी से ग्रामीण सहम गए और तत्काल वन विभाग को इसकी जानकारी दी। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर लोगों को सतर्क किया और शावक से दूरी बनाए रखने की अपील की।

### वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेलिंग

**बालोद।** थाना बालोद क्षेत्र अंतर्गत महिला को ब्लैकमेल कर हजारो रूपये लूटने का मामला सामना आया है। जिसमे महिला ने ब्लैकमेल करने वाले युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमे पुलिस ने धारा 67 एलसीजी, 296, 308(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया कि मेरी मौसी जो शादी होकर पुणे बीड महाराष्ट्र गई है। मौसी के देवर हम्जा शेख ने मेरी मौसी से मेरा मोबाईल नंबर लेकर 10 या 11 जनवरी 2025 को 3–4 बार काल किया, तो मैं फोन नही उठायी, तब मुझे दुसरे नम्बर से फोन आया, उठाने पर हम्जा शेख बोला मैंने आपका मोबाईल नंबर आपकी मौसी से लिया हूं, तभी से हम्जा शेख मुझे बार– बार काल एवं मेसेज करने लगा, जिनसे करीबन 15 दिनों तक मोबाईल से बातचीत हुई। इस दौरान उसने बिना कपड़ों के वीडियो बना लिया। 20,000 रुपए की मांग की। नहीं देने परे विडियो वायरल कर दिया।



तीन दमकल की मदद से चार घंटे की मशक्कत के बाद मिला काबू

# इलेक्ट्रानिक दुकान में लगी आग अंदर फंसा युवक जिंदा जल गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर - चाम्पा

बलौदा के इलेक्ट्रॉनिक दुकान में आग लगने से दुकान के अंदर फंसा एक युवक जिंदा जल गया। तीन दमकल की मदद से कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग बुझाने के बाद मलबे से युवक का शव बाहर निकाला गया।

बलौदा नगर पंचायत के बलौदा - बिलासपुर मार्ग में राजीव देवांगन की इलेक्ट्रानिक की दुकान है। नीचे दुकान और ऊपरी मंजिल के मकान में निवास है। गुरुवार 5 जनवरी की दोपहर दुकान में अचानक आग लग गई। कुछ ही पल में आग की लपटो ने दुकान और मकान को घेर लिया। मौके पर अफरा तफरी मच गई। घर के भीतर धुआं भर गया। राजीव देवांगन समेत उसकी पत्नी, बहु और दो बेटे घर और दुकान में थे। अचानक लगी भीषण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। घर के अन्य सदस्यों को किसी तरह बाहर निकाला गया, लेकिन राजीव का 20 वर्षीय बेटा राम देवांगन अंदर ही फंस गया। आग की लपटों ने उसे घेर लिया। आग इतनी भीषण हो गई कि राम देवांगन को बाहर निकलने का कोई मौका ही नहीं मिल सका। इधर घटना की सूचना पर तत्काल बलौदा थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दमकल को भी सूचना दी गई। कुछ देर बाद एक एक कर बलौदा, मड़वा और जांजगीर से दमकल की टीम पहुंची।



इधर एसडीएम, तहसीलदार और डीएसपी भी मौके पर पहुंच गए। तीन दमकल की मदद से करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। आग पर काबू पाने के बाद अंदर फंसे युवक राम देवांगन की खोजबीन शुरू की गई। घर के अंदर मलबे के बीच उसकी जली हुई लाश मिली। आगजनी में जान माल की बड़ी हानि हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग की लपटें दूर-दूर तक दिखाई दे रही थीं, जिससे आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया था। आग पर पूरी तरह से काबू पाने में प्रशासन को कड़ी मेहनत करनी पड़ी। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम, तहसीलदार, थाना प्रभारी, नगर पंचायत का अमला राहत व बचाव कार्य में जुटा रहा।

### शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका

आग लगने की घटना में जहां एक युवक की मौत हुई है वहीं करोड़ों का नुकसान हुआ है। शार्ट सर्किट के चलते आग लगने की आशंका जताई जा रही है। प्रशासन द्वारा नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# हाईकोर्ट ने जेल प्रहरी के बर्खास्तगी आदेश को रद्द करने का दिया आदेश

## वीडियो के आधार पर शासन ने जेल प्रहरी को किया था बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

सोशल मीडिया पर चल रहे वीडियो के आधार पर राज्य शासन ने जेल प्रहरी को बर्खास्त कर दिया था। बर्खास्तगी आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर जस्टिस पीपी साहू के सिंगल बेंच में सुनवाई हुई। इस पर हाईकोर्ट ने राज्य शासन के आदेश को रद्द करते हुए याचिकाकर्ता को सेवा में वापस लेने का आदेश जारी किया है।

हाईकोर्ट ने अपने फैसले में टिप्पणी की है जब सजा बिना किसी साक्ष्य के दी जाती है तो हस्तक्षेप जरूरी हो जाता है। याचिकाकर्ता जेल प्रहरी लखनलाल जायसवाल ने अधिवक्ता संदीप दुबे के माध्यम से हाईकोर्ट में बर्खास्तगी आदेश को चुनौती दी थी। याचिका में राज्य शासन द्वारा 6 अगस्त 2025 और 31 दिसंबर 2024 के विवादित आदेश को रद्द करने की मांग की थी। इस मामले में हाईकोर्ट ने अनुशासनात्मक प्राधिकारी और अपीलीय प्राधिकारी द्वारा 6 अगस्त 2025 को पारित आदेश और 31 दिसंबर 2024 को पारित आदेश को निरस्त कर दिया है। इसके साथ ही याचिकाकर्ता को सेवा में बहाल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा हालांकि मामले के तथ्यों के आधार पर, याचिकाकर्ता किसी भी प्रकार के पिछले वेतन का हकदार नहीं होगा, बल्कि सभी प्रयोजनों के लिए सेवा की निरंतरता का हकदार होगा।



कांग्रेस मनरेगा के मुद्दे पर कर रही है संघर्ष

# भाजपा बस्तर को छत्तीसगढ़ से अलग करने का षड़यंत्र कर रही : महंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

भाजपा बस्तर को छत्तीसगढ़ से अलग करने का षड़यंत्र कर रही है। छत्तीसगढ़ के लोग बस्तर से अलग नहीं होना चाहते। बस्तर में क्या हो रहा है वे इसकी कल्पना भी नहीं कर सकते। छत्तीसगढ़ में अडानी के लिए स्थान बनाया जा रहा है। बस्तर को खाली कराकर स्वच्छ वातावरण तैयार किया जा रहा है, ताकि उद्योगपति शोषण कर सकें। उन्होंने कहा कि जब छत्तीसगढ़ में हीरा, सोना मौजूद है तो उसे 25 साल में क्यों नहीं निकाला गया।

उक्त बातें नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने प्रेस क्लब तिलक भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि बस्तर का दोहन करने की तैयारी चल रही है। कानून व्यवस्था पर सरकार का नियंत्रण नहीं है। वहीं धान खरीदी में सरकार की नीतियों से किसान परेशान हो गए हैं। सैकड़ों किसान अभी भी अपना धान नहीं बेच सके हैं। बस्तर से सरगुजा तक विस्थापन का दौर चल रहा है। धान खरीदी से लेकर सरकारी विभागों में भर्ती में जिस तरह से गड़बड़ियां हुई है उससे यह साबित होता है कि सरकार कार्य नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि बेशक मुख्यमंत्री व्यक्तिगत रुप से अच्छे हैं लेकिन उन्हें कौन चला रहा है उसकी तलाश करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है। एक तरफ वह हिन्दुत्व की बात करती है तो दूसरी तरफ शंकराचार्य का अपमान करती है। श्री महंत ने कहा कि हर क्षेत्र में गड़बड़ियां हो रही हैं। मुख्यमंत्री के क्षेत्र में ही धान खरीदी में गड़बड़ियां हो रही हैं। पूरे प्रदेश में कहीं सत्यापन के नाम पर पैसा मांगा जा रहा तो कहीं बैंक से पैसा निकालने के नाम पर पैसे की मांग की जा रही है। मनरेगा के संबंध में श्री महंत का कहना था कि कांग्रेस मनरेगा के मुद्दे पर संघर्ष कर रही है। मनरेगा में जो प्रावधान थे वो बेहतर थे। कोरबा में भाजपा कार्यालय के निर्माण को लेकर उन्होंने कहा कि 2 साल में भाजपा ने पर्याप्त उगाही की है, जिससे बड़ा भवन बनाया जा रहा है। एसआईआर कार्यक्रम में विशेष संप्रदाय के नाम काटे जाने की जानकारी देते हुए महंत ने कहा कि हर बूथ में 200 नाम काटने के ऊपर से निर्देश दिए गए हैं और भाजपा कार्यकर्ता नाम कटवा रहे हैं।

### विपक्ष की भूमिका निभा रही है कांग्रेस



प्रदेश में विपक्ष की भूमिका संबंधी सवाल पर श्री महंत का कहना था कि विपक्ष पूरी तरह संगठित है। सरकार के सत्ता में आने के बाद एक साल शांत रहे उसके कार्यकाल को देखने के लिए और अब विपक्ष संगठित होकर सरकार के विरोध में है। सभी को अलग अलग जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश में 4-5 कांग्रेसी नेताओं को अलग अलग जिम्मेदारी दी गई है। जो अपनी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी ईमानदारी से कर रहे हैं।

### बृजमोहन अच्छे नेता हैं

भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल के राहुल गांधी से मिलने का सवाल किया गया। श्री महंत ने कहा कि श्री अग्रवाल ने राहुल गांधी से सौजन्य मुलाकात की है। वह एक सौम्य और अच्छे नेता हैं। पार्टी के अंदर वह अपनी बातों को और जनहित के मुद्दों को उठाते रहते हैं। श्री अग्रवाल के कांग्रेस प्रवेश संबंधी सवाल को उन्होंने एक सिरे से खारिज कर दिया।

प्रशासन व विश्व हिंदू परिषद की मध्यस्थता से सुलझा मामला

# डौंडी के बोरगांव-भीमाटोला में शव दफन को लेकर विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/डौंडी

जिले के डौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम बोरगांव में एक मतांतरित परिवार के युवक की मौत के पश्चात शव को दूसरे गांव में दफन करने के मामले को लेकर विवाद गहरा गया। हंगामे को देखते हुए स्थानीय शासन प्रशासन और विश्व हिन्दू परिषद ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों से बैठक कर मामले को सुलझाया।

मिली जानकारी अनुसार डौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम बोरगांव के धर्म परिवर्तन कर चुके बहुर सिंह मंडावी के 45 वर्षीय पुत्र संतोष मंडावी की बुधवार को मृत्यु हो गई। बताया गया है कि परिजनों ने गांव के जन प्रतिनिधियों को बिना जानकारी दिए, दूसरे ग्राम भीमाटोला में स्थित अपनी निजी जमीन पर बुधवार को ही शव को दफन कर दिया। गुरुवार की सुबह ग्राम भीमाटोला के ग्रामीणों को इस प्रकार से बोरगांव निवासी बहुर सिंह द्वारा अपने गांव बदले भीमाटोला की सरहद में शव को दफनने की जानकारी होते ही माहौल गर्म हो गया, बड़ी संख्या में ग्रामीण दफन की गई जगह पर पहुंचे और मृतक के पिता को बुलाकर पूछा गया तो मृतक के पिता ने अपनी जगह पर दफन करने की बात कही। जिसके बाद इसकी जानकारी शासन प्रशासन को होते ही मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्राम पंचायत बोरगांव के पंचायत कार्यालय में तहसीलदार डौंडी और राजहरा थाना प्रभारी सहित दोनों गांव के सैकड़ों ग्रामीणों के साथ मतांतरित परिवार की बैठक हुई।

### मतांतरित युवक का शव दूसरे गांव में दफन





## चिंतन

# किताबों को सियासी अखाड़ा नहीं बौद्धिक संवाद का माध्यम बनाएं

लोकतंत्र में किताबें विचारों का माध्यम होती हैं, लेकिन जब वही किताबें राजनीति का अखाड़ा बन जाएं, तो यह चिंता का विषय हो जाता है। हाल के दिनों में तीसरे पक्ष या पूर्व अधिकारियों द्वारा लिखी गई किताबों को लेकर संसद से लेकर सड़कों और सोशल मीडिया तक जिस तरह का शोर मचा है, उसने लोकतांत्रिक विमर्श की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। विचारों पर बहस के बजाय आरोप-प्रत्यारोप और बदनाम करने की राजनीति हावी होती दिख रही है। तीसरे पक्ष द्वारा लिखी गई किताबें किसी सरकार या संस्था का आधिकारिक दस्तावेज नहीं होतीं। वे लेखक की सोच, उसके अनुभव और उसक समय की परिस्थितियों को प्रतिबिंबित करती हैं। ऐसे में काल, समय और संदर्भ को समझे बिना वर्षों पुराने प्रसंगों को वर्तमान राजनीति से जोड़ना न तो सत्ता पक्ष की समझदारी है और न ही विपक्ष की जिम्मेदारी। दुर्भाग्य यह है कि दोनों ही पक्ष इन किताबों को अपने-अपने राजनीतिक हितों के हिसाब से इस्तेमाल करने में लगे हुए हैं। संसद में किताबों को लेकर हुए हालिया विवाद के बाद सोशल मीडिया पर अपुष्ट खबरों और अधूरी जानकारियों की बाढ़ सी आ गई है। बिना पूरी किताब पढ़े, बिना तथ्यों की पुष्टि किए, चुनिंदा पंक्तियों को आधार बनाकर माहौल बनाया गया। यह प्रवृत्ति न केवल जनता को भ्रमित करती है, बल्कि संसद जैसे सर्वोच्च मंच की गरिमा को भी ठेस पहुंचाती है। जहां जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा होनी चाहिए, वहां नेता एक-दूसरे की नीयत पर सवाल उठाने में उलझे नजर आते हैं। पूर्व अधिकारियों, विशेषकर सेवानिवृत्त सैन्य प्रमुखों द्वारा लिखी गई किताबें स्वाभाविक रूप से संवेदनशील होती हैं। हाल ही में जनरल एम. एम. नरवणे की किताब को लेकर उठा विवाद इसका स्पष्ट उदाहरण है। ऐसी किताबें सत्ता पक्ष को असहज कर सकती हैं, क्योंकि वे नीतियों, निर्णयों और दावों पर सवाल उठाती हैं, लेकिन असहज सवालों से बचने के लिए हंगामा खड़ा करना लोकतांत्रिक परिपक्वता का परिचायक नहीं कहा जा सकता। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र की बुनियाद है। किसी लेखक को अपने अनुभव और विचार साझा करने का अधिकार है। जब ऐसी किताबों को लेकर सेंसरशिप की मांग उठती है या सदन में शोर-शराबा किया जाता है, तो यह संकेत देता है कि विचारों से टकराने के बजाय उन्हें दबाने की कोशिश की जा रही है। यह प्रवृत्ति लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए घातक है। किताबों पर होने वाली राजनीति अक्सर दोहरे चरित्र को उजागर करती है। सत्ता पक्ष इन्हें गैर-जिम्मेदार या भ्रामक बताकर खारिज करने में जुट जाता है, जबकि विपक्ष इन्हीं किताबों को सरकार को घेरने का औजार बना लेता है। दोनों ही स्थितियों में सच्चाई, तथ्य और संतुलन कहीं पीछे छूट जाते हैं। कई बार इन विवादों का असली उद्देश्य जनहित नहीं, बल्कि तात्कालिक राजनीतिक या चुनावी लाभ होता है। इस राजनीतिक शोर का सबसे बड़ा नुकसान संसद को होता है। संसद का समय देश की सबसे कीमती पूंजी है। जब यह समय किताबों के बहाने हंगामे में जाया होता है, तो आमजन के मुद्दे महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान हाशिये पर चले जाते हैं। कुल मिलाकर किताबें समाज को सोचने, समझने और सवाल करने का अवसर देती हैं। उन्हें राजनीतिक अखाड़ा बनाने के बजाय बौद्धिक संवाद का माध्यम बनाया जाना चाहिए। जब तक विचारों से डरकर शोर मचाया जाता रहेगा, तब तक संसद की गरिमा और लोकतंत्र दोनों कमजोर होते रहेंगे। जरूरत इस बात की है कि राजनीति विचारों से लड़ें, किताबों से नहीं।

# छत्तीसगढ़ में अब राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की जरूरत



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

साल 2026-27 के आम बजट में केंद्र सरकार द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के विकास और लोकव्यापी करण के लिए कई अभूतपूर्व घोषणाएं की गई है। आयुर्वेद से जुड़े नीति नियंताओं और जानकारों के मुताबिक इन घोषणाओं के धरातली क्रियान्वयन के बाद इस पद्धति को काफी प्रोत्साहन मिलने की संभावना है। बजट घोषणाओं पर गौर करें तो इसमें देश में तीन अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान 'एआईआईए' की स्थापना, आयुष फार्मेसी और औषधि परीक्षण प्रयोगशालाओं 'डीटीएल' को अत्याधुनिक करने जैसी घोषणाएं शामिल हैं। इसी तरह देश में मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए पांच रीजनल मेडिकल हब तैयार किए जाएंगे। प्रस्तावित मेडिकल हब में आयुर्वेद, योग, डायग्नोस्टिक और रिकवरी सेवाएं एक साथ मिलेगी जिसका लाभ निरोगी और रोगी दोनों तरह के लोग ले सकेंगे। बजट में गुजरात के जामनगर स्थित डब्ल्यूएचओ वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा केंद्र को भी सशक्त बनाने का प्रस्ताव किया गया है। बिलाशक यह बजट भारत के सदियों पुरानी चिकित्सा पद्धति 'आयुर्वेद' को नयी दशा और दिशा देने में पूरी तरह से सार्थक साबित होगा।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ की प्रमुख पहचान वनौषधियों से परिपूर्ण जंगल हैं जहां औषधीय महत्व वाले लगभग 1525 तरह के वनस्पतियों की उपलब्धता के साथ ही समृद्ध जैव विविधता भी है। राज्य का 44 फीसदी हिस्सा वनों से आच्छादित है जिसमें औषधीय गुणों वाले जड़ी-बूटियों की असाधारण विविधता है। इन्हीं खूबियों के चलते छत्तीसगढ़ को स्थापना काल से ही 'हर्बल स्टेट' की संज्ञा दी गई है। उल्लेखनीय है कि 1 नवंबर 2000 को भारत के राजनीतिक मानचित्र पर तीन राज्यों क्रमशः छत्तीसगढ़, झारखंड और उत्तराखंड का अस्तित्व सामने आया। छत्तीसगढ़ अपने राजनीतिक स्थिरता के साथ जीरो कट बिजली आपूर्ति और खनिज संसाधनों के चलते अपने साथ निर्मित दो अन्य राज्यों को काफी पीछे छोड़ते हुए देश के शीर्षस्थ राज्यों में शुमार हो चुका है। मध्य भारत में छत्तीसगढ़ की एक पहचान 'एजुकेशन हब' के साथ ही 'मेडिकल हब' के तौर पर भी है जहां शिक्षा और स्वास्थ्य से संबंधित अनेक सरकारी और निजी संस्थान स्थापित हैं। राज्य में मेडिकल, प्रौद्योगिकी, प्रबंधन, उच्च शिक्षा, कानून के केंद्रीय संस्थान संचालित हैं।

प्रदेश में मेडिकल से संबंधित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान 'एम्स', भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ' एनआईटी', अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान 'ट्रिपल आईटी ', भारतीय प्रबंधन संस्थान 'आईआईएम', हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी 'एचएनएलयू' और गुरू घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित हैं। इसके अलावा राज्य सरकार द्वारा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी 'एनआईईएलआईटी' और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइन 'एनआईएफडी' की स्थापना को मंजूरी दी गई है। केंद्र सरकार ने राजधानी रायपुर में केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान 'सीआरआईवायएन' के स्थापना को भी मंजूरी दिया है। प्रदेश में आयुर्वेद शिक्षा और चिकित्सा के अकादमिक विकास के साथ ही अनुसंधान की काफी संभावनाएं हैं। उपरोक्त परिस्थितियों के दृष्टिगत अब छत्तीसगढ़ राज्य में एक राष्ट्रीय स्तर के आयुर्वेद संस्थान की आवश्यकता है ताकि यह राज्य अपनी पहचान को सार्थक कर सकें।वर्तमान में राज्य में सरकारी क्षेत्र के 2 तथा निजी क्षेत्र के 6 आयुर्वेद कॉलेज संचालित हैं। राज्य स्थापना के पच्चीस सालों पर गौर करें तो प्रदेश में आयुर्वेद शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में आशातीत विकास हुआ है लेकिन केंद्रीय आयुर्वेद संस्थान की आवश्यकता अब बलवती हुई है। छत्तीसगढ़ में डबल इंजिन की सरकार है जिसके चलते राज्य को केंद्र सरकार से लगातार सहयोग प्राप्त हो रहा है।

केंद्र सरकार की प्राथमिकता में छत्तीसगढ़ शीर्ष पायदान पर है लिहाजा जन अपेक्षा है कि नवीन बजट में घोषित तीन अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में से एक इस राज्य में स्थापित हो। छत्तीसगढ़ में 'एआईआईए' के स्थापना की आवश्यकता के मूल में यहां विशेष प्रजातियों के वनौषधियों की प्रचुरता के साथ ही परंपरागत वैद्यों की अच्छी खासी मौजूदगी है। यह सीधे तौर पर राज्य के लिए प्राकृतिक के साथ ही बौद्धिक संपदा भी है। राज्य के वनों में मुख्य रूप से आंवला, हर्रा, बहेड़ा, नीम, अपामार्ग, चिरायता, गिलोय, अर्जुन, अश्वगंधा, शतावरी , पुनर्नवा, भुंई आंवला, कलिहारी, बेल, अडूसा, बीजा प्रजाति के औषधि वनस्पतियां उपलब्ध हैं। वनस्पति विज्ञानियों की मानें तो छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य और चिकित्सा के दृष्टिगत कई दुर्लभ और औषधीय पौधों की प्रजातियां हैं जो विलुप्त होने के कगार पर है। इन वनस्पतियों में प्रमुख जनजातिय बहुल बस्तर में पाए जाने वाले ट्री-फर्न, सफेद मूसली, पसरा, बीजा, शीशम और दहीमन हैं जिनका संरक्षण और संवर्धन आवश्यक है। राज्य के जनजातीय समुदाय के परंपरागत वैद्यों के पास पीढ़ी दर पीढ़ी मधुमेह, उच्च रक्तचाप,




गठिया और एनीमिया रोग के उपचार के नुस्खे उपलब्ध हैं जिनका वैज्ञानिक मानकीकरण करने तथा इस पर अनुसंधान की आवश्यकता है। दुर्गम जंगलों में निवासरत इन जनजातीय वैद्यों को जड़ी - बूटियों की अच्छी- खासी पहचान और चिकित्सकीय महत्व के बारे में जानकारी है। छत्तीसगढ़ में यदि राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की स्थापना होती है तो परंपरागत वैद्यों के पास उपलब्ध नुस्खों पर अनुसंधान और इसके वैज्ञानिक मानकीकरण को प्रोत्साहन मिलेगा। राज्य के अनूकूल जलवायु और उर्वरा मिट्टी के दृष्टिगत राज्य वनौषधियों की खेती, व्यापार व निर्यात की अपार संभावनाएं हैं। गौरतलब है कि केरल राज्य के राजस्व का एक प्रमुख स्त्रोत आयुर्वेदिक पर्यटन है जहां देश और विदेश के लोग इस उद्देश्य से पहुंचते हैं। छत्तीसगढ़ में भी आयुर्वेदिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं क्योंकि बस्तर से लेकर सरगुजा का क्षेत्र इसके अनुकूल हैं। राज्य में उपलब्ध वनौषधियों की प्रचुरता, निर्बाध बिजली और मानव संसाधन की उपलब्धता के मद्देनजर छत्तीसगढ़ में आयुर्वेद दवा उद्योग की बेहतर संभावनाएं हैं। राज्य में राष्ट्रीय स्तर के आयुर्वेद संस्थान की स्थापना के आवश्यक सभी प्रकार के अधोसंरचना, भूमि की उपलब्धता,परिवहन संपर्क और संसाधन मौजूद हैं। उपरोक्त परिस्थितियों के दृष्टिगत राज्य में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान की प्रबल दावेदारी है। उल्लेखनीय है कि इस संस्थान से जहां आयुर्वेद के अकादमिक विकास और चिकित्सा अनुसंधान को पंख लगेगा वहीं इससे रोजगार और व्यापार के नये अवसर भी पैदा होंगे। इस संस्थान के स्थापना से छत्तीसगढ़ को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिलेगा वहीं आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के समन्वित शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा तथा जनसामान्य को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा का लाभ भी मिलेगा।इसके अलावा यह संस्थान आयुर्वेद से जुड़े चिकित्सकों, शिक्षकों, शोधकर्ताओं तथा पैरा मेडिकल्स के कौशल उन्नयन तथा तकनीकी नवाचार के दिशा में भी काफी सहायक होगा।

गौरतलब है कि वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान ही भारत सहित दुनिया में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के लोगों का रूझान काफी बढ़ा है। आयुर्वेद एक चिकित्सा पद्धति नहीं बल्कि संपूर्ण जीवनशैली है जिसमें विभिन्न ऋतुओं में व्यक्ति को सेहतमंद रखने के लिए दिनचर्या, खान-पान और परहेज का उल्लेख है। वर्तमान परिदृश्य में जब भारत सहित दुनिया की एक बड़ी आबादी मोटापा , मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदयरोग और कैंसर जैसे जीवनशैली गत रोगों के चुनौतियों से जूझ रहा है तब आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में इन बीमारियों से बचाव और नियंत्रण के पर्याप्त उपाय मौजूद हैं। नित नई- नई महामारियां भी जनस्वास्थ्य के लिए बड़ी चुनौती बन रही है। संक्रामक और गैर संक्रामक रोगों से बचाव और रोगी के संक्रमण मुक्त होने में मुख्य भूमिका व्यक्ति के रोग-प्रतिरोधक क्षमता की होती है। आयुर्वेद पद्धति में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बरकरार रखने तथा विकसित करने के तमाम उपाय निहित हैं। विचारणीय है कि छत्तीसगढ़ जैसे विकासशील राज्य में भी एक बड़ी जनसंख्या संक्रामक और गैर संक्रामक रोगों से ग्रस्त है जिसका नकारात्मक असर राज्य के आर्थिक विकास में पड़ना लाजिमी है। इन परिस्थितियों के मद्देनजर छत्तीसगढ़ में अब राष्ट्रीय स्तर के आयुर्वेद संस्थान की आवश्यकता है ताकि "युवा छत्तीसगढ़" सेहतमंद और ऊर्जावान बना रहे। किसी भी देश और प्रदेश के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में स्वास्थ्य की मुख्य भूमिका होती है। बिलाशक इस उद्देश्य की पूर्ति में 'अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान' की भूमिका अहम हो सकती है लिहाजा राज्य सरकार से अपेक्षा है कि वह इस दिशा में प्रभावी पहल करेगी।


## पुण्यतिथि पर विशेष

हर्षवर्धन पान्डे



# लता मंगेशकर : मेरी आवाज़ ही पहचान है, गर याद रहे..

लता मंगेशकर की मखमली और जादुई आवाज की दुनिया दीवानी थी। उनकी आवाज़ दिल को छूती नहीं, बल्कि दिल में बस जाती थी। हर दिल अजीज लता मंगेशकर ने अपनी आवाज से हिंदी सिनेमा की गायकी में ऐसे चार चांद लगाए कि हर कोई उनका मुरीद हुए बिना नहीं रह पाया। सही मायनों में हिंदी सिनेमा की गायकी की दुनिया को लता ने अपने मधुर स्वर से नई दिशा देने का काम किया। लता की वो आवाज हर किसी के दिल के तारों को आज भी झंकृत कर देती है। हिंदी सिनेमा के 100 बरस से अधिक के सफ़र में लता की गायकी सिल्वर स्क्रीन पर चार चांद लगा देती है। लता मंगेशकर का जन्म 28 सितंबर 1929 को मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में पंडित दीनानाथ मंगेशकर के मध्यवर्गीय परिवार में हुआ था। लता पांच भाई बहनों में सबसे बड़ी थी। लता मंगेशकर के पिता पंडित दीनानाथ मंगेशकर एक क्लासिकल सिंगर और थिएटर आर्टिस्ट थे। लता की तीन बहनें मीना, आशा, उषा और एक भाई हृदयनाथ मंगेशकर थे। पांच साल की उम्र में ही लता ने अपने पिता से संगीत की शिक्षा लेनी शुरू कर दी थी और थिएटर में एक्टिंग किया करती थी। जब वो स्कूल गयी तो वहां के बच्चों को संगीत सिखाने लगी लेकिन जब लता को अपनी बहन 'आशा' को स्कूल लाने से मना किया गया तो उन्होंने स्कूल जाना छोड़ दिया। सुरों की मल्लिका लता मंगेशकर का भी बॉलीवुड में सफर इतना आसान नहीं था। काफी समय तक उन्हें कोई प्रोजेक्ट नहीं मिला। इसकी दो वजहें थीं। एक तो साल 1940 के दौर में जब उन्होंने फिल्मी दुनिया में एंट्री ली, बॉलीवुड में नूरजहां और शमशाद का दबादबा था और दूसरा लता की आवाज़ की पिच काफी हाई थी और आवाज़ पतली, ऐसे



में उस दौर के चलन में चल रहे गानों के मुताबिक आवाज भी फिट नहीं बैठती थी। प्रोड्यूसर शशिधर मुखर्जी ने लता मंगेशकर की आवाज को 'पतली आवाज' कहकर अपनी फिल्म 'शहीद' में गाने से मना कर दिया था, फिर म्यूजिक डायरेक्टर गुलाम हैदर ने लता को फिल्म 'मजबूर' में 'दिल मेरा तोड़ा, कहीं का ना छोड़ा' गीत गाने को कहा जो काफी सराहा गया । लता मंगेशकर के पिता नहीं चाहते थे कि वो फ़िल्मों के लिए गाने गाये, लेकिन लता मंगेशकर बचपन से ही गायिका बनना चाहती थीं। साल 1942 में उनके पिता इस दुनिया को छोड़ गए और लता मंगेशकर के कंधों पर परिवार को संभालने की सारी ज़िम्मेदारी आ गई । इसी वज़ह से लता ने 1942 से लेकर 1948 तक करीब 8 हिंदी और मराठी फिल्मों में काम किया। 1948 में म्यूज़िक कंपोज़र गुलाम हैदर ने लता को बड़ा ब्रेक दिया, जिसके बाद उनका संघर्ष का दौर खत्म हुआ और फिल्मी दुनिया में ऐसा सिक्का चला कि लोग उनकी आवाज के दीवाने हो गए। चंद महीनों में ही लता के प्रति लोगों का नजरिया बदला और उन्होंने अपनी अलग पहचान बना ली और फिर इसके बाद उन्हें मुड़कर पीछे नहीं देखना पड़ा। लता मंगेशकर ने फिल्म इंडस्ट्री के सभी दिग्गज म्यूज़िक डायरेक्टर्स और सिंगर्स के साथ काम किया। उन्होंने 1000 से भी ज्यादा हिंदी फिल्मों और 36 से भी ज्यादा भाषाओं में गाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। साल 1977 में आई फिल्म 'किनारा' में लता मंगेशकर ने 'नाम गुम जायेगा, चेहरा ये बदल जायेगा, मेरी आवाज़ ही, पहचान है, गर याद रहे' गीत गाया। लता मंगेशकर की ये लाइनें उनके हर चाहने वाले को हमेशा याद रहेंगी। उस दौरान उन्होंने बैजू बावरा, मदर इंडिया, देवदास और मधुमति जैसी हिट फिल्मों में गाने गाए। फिल्म 'मधुमति' के गाने 'आजा रे परदेसी' के लिए 1958 में लता मंगेशकर को पहला फिल्मफेयर मिला। लता मंगेशकर को साल 2001 में 'भारत रत्न' से भी नवाजा गया था। लता दीदी को इसके पहले पद्म भूषण (1969), पद्म विभूषण(1999) और दादा साहब फाल्के अवार्ड (1989) पुरस्कार से भी नवाजा गया । सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर ने ताउम्र शादी नहीं की। इसकी वजह बताते हुए वो कहती थी कि पिता की मौत के बाद घर के सभी सदस्यों की जिम्मेदारी उन पर थी। ऐसे में कई बार शादी का ख्याल आता भी तो उस पर अमल नहीं कर सकती थी। मध्यप्रदेश सरकार ने 1984 में लता मंगेशकर के नाम पर एक पुरस्कार शुरू किया। इस पुरस्कार के लिए चयनित कलाकारों को दो-दो लाख की राशि, सम्मान पट्टिका, शाल-श्रीफल से अलंकृत किया जाता है। 6 फरवरी 2022 को 92 वर्ष की आयु में लता का निधन हो गया। आज भले ही वो हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी आवाज का जादू लम्बे समय तक भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में रंग भरता रहेगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# कथनी और करनी में न हो कोई अंतर



संकलित

## दर्शन

सभी के हित का ध्यान रखते हुए मनसा, वाचा, कर्मणा अपने दायित्वों का सम्यक रूप से निर्वाह करना कर्त्तव्य है। कर्त्तव्य का पालन यदि समुचित रूप से किया जाता है तो जीवन पूर्णतः गौरवान्वित बनता है। जो कर्त्तव्यनिष्ठ है। वह अपने करणीय कर्म के प्रति पूरी तरह से समर्पित होता है। वह परमार्थ पोषक एवं प्रामाणिक होता है। वह जैसा रहता है, वैसा ही करता भी है। ऐसी कथनी-करनी की एकरूपता से वह समाज में श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करता है और प्रत्येक उससे प्रेरणाएँ ग्रहण करता है। कर्त्तव्य परिपालन की बात करना और कर्त्तव्य परिपालन के नाम पर शोर-शराबा मचाना अलग बात है और कर्त्तव्यों के क्षेत्र में बिना किसी शोर-शराबे के समर्पित हो जाना अलग बात है। आज हम देखते हैं कि कर्त्तव्यों के परिपालन के लिए अक्सर लम्बे-चौड़े उपदेश दिये जाते हैं, पर जब कर्तव्य निर्वाह का अवसर आता है तो व्यक्ति दायें-बायें देखने लगता है। कटु सत्य तो यह है कि आज कर्त्तव्यों की चर्चा करने वाले लाखों हैं, पर कर्त्तव्यों के पावन पथ पर गतिशील होने वाले विरले ही हैं। कई बार मुझे चिंतन के क्षणों में लगता है कि आज व्यक्ति कर्त्तव्यों से विमुख हो गया है। इस विमुखता के कारण प्रत्येक क्षेत्र में अराजकता और अशांति का विस्तार हुआ है। कर्त्तव्यों के पावन क्षेत्र से भटककर कोई व्यक्ति कभी भी शांति का अहसास नहीं कर सकता। जीवन का गौरव और उसकी सार्थकता कर्त्तव्य पालन में ही है। कर्त्तव्यनिष्ठ व्यक्ति गुलाब का फूल है, वह काँटों में मुस्कराता है।

# मुश्किल समय में मन अस्थिर हो जाता है



संकलित

## प्रेरणा

गौतम बुद्ध यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में उनके शिष्य भी साथ रहते थे। एक दिन वे अपने शिष्य आनंद के साथ यात्रा कर रहे थे। यात्रा करते हुए वे एक जंगल से गुजर रहे थे। उन्हें चलते-चलते काफी समय हो गया था। काफी चलने की वजह से वे थक गए थे। आराम के लिए वे एक जगह रुके। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि प्यास लगी है, पास में से ही एक झरने के बहने की आवाज आ रही है, वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा मिलने के बाद आनंद झरने के पास पहुंच गया। वहां पहुंचकर आनंद ने देखा कि एक बैलगाड़ी पानी में से गुजरी है तो पहियों की वजह से पानी बहुत गंदा हो गया है। पानी में मिट्टी दिख रही थी, पानी पीने लायक नहीं था। आनंद गंदा पानी देखकर लौट आया। आनंद ने लौटकर बुद्ध से कहा कि तथागत, वहां का पानी तो बहुत गंदा है, पीने लायक नहीं है। बुद्ध ने कहा कि अब तुम कुछ देर बाद फिर से जाना। इस बार तुम्हें अच्छा पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद कुछ देर बाद फिर से पानी लेने पहुंच गया। इस बार पानी शांत था, पानी में कोई हलचल नहीं थी। पानी एकदम साफ दिख रहा था। आनंद ने तुरंत ही पीने के लिए पानी भरा और बुद्ध के पास लौट आया। बुद्ध ने पानी पीकर आनंद से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी स्थितियां बन जाती हैं। मन तनाव की वजह से अशांत हो जाता है। अशांति गंदे पानी की तरह है। जब तक मन अशांत रहता है, तब तक हमें कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए।

## उत्तरायणी कौथिक उत्सव



देहरादून में गुरुवार को उत्तरायणी कौथिक उत्सव के दौरान कलाकार प्रस्तुति देते हुए।

## आज की पाती

### पाक का संशोधन लोकतंत्र के लिए काला अध्याय

संवैधानिक संशोधन लोकतंत्र की आत्मा होते हैं, जो समय के साथ बदलती चुनौतियों का सामना करने के लिए ढांचे को लचीला बनाते हैं। लेकिन जब ये संशोधन सत्ता के संतुलन को बिगाड़ने का हथियार बन जाते हैं, तो वे लोकतंत्र को ही खोखला करने लगते हैं। पाकिस्तान की संसद द्वारा नवंबर 2025 में पारित 27वां संवैधानिक संशोधन ठीक ऐसा ही एक उदाहरण है। यह संशोधन सतह पर संवैधानिक प्रक्रिया का पालन करता प्रतीत होता है, किंतु वास्तव में कार्यपालिका और सेना के हाथों में न्यायपालिका को बंधक बनाने का प्रयास है। इसने न केवल पाकिस्तानी संस्थानों के बीच शक्ति संतुलन को उलट दिया है, बल्कि विधि के शासन को गंभीर खतरे में डाल दिया है। - **मनीष शर्मा**, राजनांदगांव

## ट्रेंड

### 'भारत टैक्सी' से मुनाफा



सहकारिता से बहुत सारे लोग मिलकर छोटी-छोटी पूंजी लगाकर कैसे बड़ी शुरुआत कर सकते हैं, 'भारत टैक्सी' इसका उदाहरण है। चालक बहन-भाई 'भारत टैक्सी' से न सिर्फ अधिक मुनाफा कमा पाएंगे, बल्कि सम्मान के साथ इसके मालिक भी होंगे।

- **अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### देश का सामरिक विकास



प्रजातंत्र के बारे में बोलने वाले विपक्षी दल संसद में प्रजातंत्र का गला घोंटते हैं, ये सारा देश देख रहा है। विपक्षी दलों को प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का सामरिक विकास रास नहीं आ रहा है।

**-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### टैरिफ का आकलन



भारत पर अमेरिका द्वारा टैरिफ घटाकर 18 प्रतिशत करने की खबर कितनी देश व जनहित में है, इस बारे में समुचित जानकारी के अभाव में तत्काल कोई आकलन करना जल्दबाजी होगी, क्योंकि इस पर जमीनी अमल होने के बाद ही पता चलेगा कि इससे आमजन का क्या भला होगा।

- **मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### विरोध करने का निर्णय



मोदी सरकार ने ठान लिया है कि दोनों विपक्षी नेताओं को बात करने नहीं देना है। सारी विपक्ष की पार्टियों के नेताओं ने यह तय किया कि अगर वे हमें बात करने नहीं देंगे, तो हमें वाक आउट करना चाहिए और विरोध करना चाहिए।

**-मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कार्यक्रम**

## करंट अफेयर

# अमेरिकी महाद्वीप में खसरे को लेकर चेतावनी जारी

'पैन अमेरिकन हेल्थ ऑर्गनाइजेशन' (पीएएचओ) ने अमेरिकी महाद्वीप में खसरे के मामलों में अचानक वृद्धि के मद्देनजर एक नई महामारी संबंधी चेतावनी जारी की है। मेक्सिको में खसरे के काफी अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। पीएएचओ की ओर से जारी चेतावनी में तत्काल टीकाकरण अभियान चलाने का भी आह्वान किया गया है साथ ही कहा गया है कि हाल में सामने आए मामले में 78 प्रतिशत मामले ऐसे लोगों में हैं जिनका टीकाकरण नहीं हुआ है। बुधवार को यह चेतावनी ऐसे वक्त में जारी की गई है जब नवंबर में कनाडा का खसरा-मुक्त दर्जा समाप्त हो गया है। यह एक ऐसा झटका है जिसकी पुनरावृत्ति जल्द ही अमेरिका और मेक्सिको में भी हो सकती है। इस वर्ष के



पहले तीन हफ्तों में पीएएचओ ने सात देशों में खसरे के 1,031 नए मामलों की पुष्टि की है - जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में चौंका देने वाली 43 गुना वृद्धि है। हालांकि अभी तक किसी की मौत की खबर नहीं है, लेकिन संक्रमण का प्रसार अब भी अधिक है। मेक्सिको में सबसे अधिक 740 मामले हैं, उसके बाद अमेरिका में 171 और कनाडा में 67 मामले हैं। अमेरिका में अब सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी ध्यान दक्षिण कैरोलिना की ओर केंद्रित किया गया है, जहां खसरे के मामलों में वृद्धि हो रही है।

## ऑफ बीट

# उम्र बढ़ना एक जटिल प्रक्रिया सबमे इसका असर अलग

आप किसी ऐसे व्यक्ति को जानते होंगे, जो अपनी वास्तविक उम्र से छोटा दिखाई देता होगा। इसी तरह आप ऐसे लोगों के भी संपर्क में आए होंगे,



जो अपनी उम्र से काफी बड़े नजर आते हैं। क्या कारण है कि उम्र बढ़ने की प्रक्रिया हर व्यक्ति में समान नहीं होती? मैंने अपने पूरे करियर में उम्र बढ़ने की प्रक्रिया (एजिंग) पर अध्ययन किया है। मैं मिशिगन विश्वविद्यालय में उम्र बढ़ने की प्रक्रिया से संबंधित कोशिकीय एवं आणविक विज्ञान का प्रोफेसर हूं। उम्र बढ़ने की प्रक्रिया से जुड़े अनुसंधान में ऐसा समाधान नहीं तलाशा जाता, जो ढलती उम्र में आपको होने वाली हर बीमारी से निजात दिला सके। बल्कि, पिछले एक या दो दशक में हुए शोध इस ओर इशारा करते हैं कि 'एजिंग' एक बहुकारकीय प्रक्रिया है और इसे महज एक उपाय से नहीं रोका जा सकता। 'एजिंग' क्या है? -एजिंग की अलग-अलग परिभाषाएं हैं, लेकन वैज्ञानिक आमतौर पर कुछ समान कारकों पर सहमत होते हैं : उम्र बढ़ने की प्रक्रिया समय पर निर्भर करती है, जो व्यक्ति को बीमारियों, चोट और मौत के खतरे के प्रति अधिक संवेदनशील बनाती है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### रुपया 14 पैसे की बढ़त के साथ 90.33 प्रति डॉलर

**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया बृहस्पतिवार को 14 पैसे मजबूत होकर 90.33 रुपये (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। घरेलू मुद्रा में यह मजबूती भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की उम्मीदों और जिंस कीमतों में गिरावट के कारण आई। हालांकि, निवेशक समझौते की शर्तों को लेकर और स्पष्टता की प्रतीक्षा कर रहे हैं, इसलिए बढ़त सीमित रही। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि महत्वपूर्ण कॉरपोरेट डॉलर की मांग और घरेलू शेयर बाजार की कमजोर स्थिति ने रुपये की बढ़त को सीमित कर दिया।

### एलआईसी के लाभ में 17 फीसदी का उछाल




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी एलआईसी का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 17 प्रतिशत बढ़कर 12,958 करोड़ रुपये रहा। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की इसी तिमाही में 11,056 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। एलआईसी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि इस तिमाही के दौरान, बीमा कंपनी की शुद्ध प्रीमियम आय बढ़कर 1,25,613 करोड़ रुपये हो गई।

# सुमीत बाजार मना रहा अपना 42वां गौरवशाली स्थापना दिवस

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

छत्तीसगढ़ के भरोसेमंद रिटेल ब्रांड सुमीत बाजार ने अपने स्थापना के 42 वर्ष पूरे कर लिए हैं। 7 फरवरी 1984 को रायपुर के बैजनाथ पारा में स्वर्गीय भंवरलाल कांकरिया द्वारा रखी गई एक छोटी-सी नींव आज प्रदेश ही नहीं, बल्कि पड़ोसी राज्यों तक एक मजबूत पहचान बन चुकी है। सुमीत बाजार की 42वीं वर्षगांठ के अवसर पर इसके संघर्ष, सफलता, विज़न और भविष्य की योजनाओं पर नजर डालना प्रेरणादायक है।

सुमीत बाजार की शुरुआत आसान नहीं रही। प्रारंभिक वर्षों में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, यहां तक कि पहले ही साल घाटा भी हुआ। लेकिन हार न मानते हुए निरंतर प्रयास और सेकंड जनरेशन के सहयोग से कारोबार ने धीरे-धीरे गति पकड़ी। आज थर्ड जनरेशन के रूप में संचालक संयम कांकरिया सुमीत बाजार की बागडोर संभाल रहे हैं और नई सोच के साथ इसे आगे बढ़ा रहे हैं। वर्तमान में सुमीत बाजार के कुल 42 स्टोर्स संचालित हो रहे हैं, जिनमें छत्तीसगढ़ में 38, मध्यप्रदेश में 2 और ओडिशा में 2 स्टोर्स शामिल हैं। राजधानी रायपुर में ही सुमीत बाजार के 14 स्टोर्स ग्राहकों की सेवा में कार्यरत हैं।

## 7 फरवरी 1984 को रखी गई थी नींव, पड़ोसी राज्यों तक एक मजबूत पहचान बन चुकी

### सही दाम, सही प्रोडक्ट - यही पहचान

सुमीत बाजार की सबसे बड़ी विशेषता है होलसेल रेट में क्वालिटी प्रोडक्ट्स की उपलब्धता। 'क्वालिटी अनमोल, बजट पे कंट्रोल' के स्लोगन के साथ सुमीत बाजार का उद्देश्य हमेशा से ग्राहकों को किफायती दाम में बेहतरीन उत्पाद उपलब्ध कराना रहा है।




### एक ही छत के नीचे पूरी फैमिली शॉपिंग

सुमीत बाजार एक पारिवारिक शोरूम है, जहां डेली वियर से लेकर शादी-ब्याह के कपड़े तक सब कुछ एक ही जगह मिलता है। यहां पुरुष, महिलाएं और बच्चों के लिए परिधान, समर कलेक्शन तथा शादी के लिए विशेष 'शुभम भवतु' कलेक्शन उपलब्ध है। शादी-ब्याह के सीजन को ध्यान में रखते हुए यहां साड़ियां, धोती-गमछा, शर्टिंग-सूटिंग कॉम्बो सेट, गिफ्ट आइटम्स और दूल्हा-दुल्हन के लिए खास ट्रेडिशनल परिधान कम बजट में, होलसेल दामों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके अलावा होम फर्निशिंग, हैंडलूम, बैडशीट, जनरल आइटम्स, बच्चों के खिलौने और स्कूल से संबंधित जनरल प्रोडक्ट्स भी सुमीत बाजार की रेंज का हिस्सा हैं।

### विश्वास का रिश्ता, 42 वर्षों से

पिछले 42 वर्षों में सुमीत बाजार ने ग्राहकों के साथ विश्वास और रिश्तों की एक मजबूत बुनियाद खड़ी की है। पीढ़ी दर पीढ़ी ग्राहक सुमीत बाजार से जुड़े हुए हैं, जो इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जाती है।

### 'नियो मो बाय सुमीत बाजार' का शुभारंभ 11 फरवरी को


संचालक संयम कांकरिया ने बताया कि युवाओं को आकर्षित करने के उद्देश्य से 11 फरवरी को कलर्स मॉल के सेकंड फ्लोर में 'नियो मो बाय सुमीत बाजार' का शुभारंभ किया जाएगा। यहां पुरुषों और महिलाओं के लिए ट्रेंडिंग फैशन आइटम्स उपलब्ध होंगे और ग्राहकों को एक नया शॉपिंग एक्सपीरियंस मिलेगा। उन्होंने कहा कि सुमीत बाजार का मिशन स्पष्ट है - छत्तीसगढ़ के हर जिले में सुमीत बाजार की मौजूदगी और हर ग्राहक को सही दाम में सही प्रोडक्ट उपलब्ध कराना। यही सोच इसे लगातार आगे बढ़ा रही है।

# नए आयकर अधिनियम से जुड़े फॉर्म, नियम इसी महीने होंगे अधिसूचित: सीबीडीटी

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन रवि अग्रवाल ने कहा है कि आयकर अधिनियम, 2025 के अप्रैल से लागू होने से पहले फरवरी में जरूरी फॉर्म और नियम अधिसूचित किए जाएंगे। इसके साथ ही अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची भी जारी की जाएगी। अग्रवाल ने कहा कि एक फरवरी को पेश बजट में पेनाल्टी को शुल्क में बदलने, कार्यवाही को अतिरिक्त कर का भुगतान कर समाप्त करने की सुविधा, शेयर पुनर्खरीद के मामले में कर को युक्तिसंगत बनाने और टीसीएस (स्रोत पर कर संग्रह) में कमी जैसे उपाय करदाताओं के लिए चीजों को सुगम बनाएंगे।

## पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची जारी की जाएगी



### संबंधित पक्षों से सुझाव लिया जाएगा

चेयरमैन ने कहा, ''प्रत्यक्ष कर के मोर्चे पर जो प्रस्ताव बजट में किए गए हैं, वे वास्तव में कानून को सरल बनाने और करदाताओं के लिए इसे आसान बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का ही एक हिस्सा हैं।'' सीबीडीटी प्रमुख ने कहा, /''हम फरवरी में नए आयकर फॉर्म और नियम जारी कर देंगे।

### भाषा को सरल बनाने पर जोर

सीबीडीटी प्रमुख ने कहा कि पिछले साल पूरा जोर (आयकर अधिनियम की) भाषा को सरल बनाने पर था और नए कानून को इस तरह से लाने पर था कि करदाता इसे आसानी से पढ़ और समझ सकें। उन्होंने कहा, /''इस प्रक्रिया के माध्यम से हम यह भी सुनिश्चित करना चाहते हैं कि चीजों की कई तरह से व्याख्या न हो। इससे परोक्ष रूप से मुकदमेबाजी की समस्या का भी समाधान होगा।

### संरचनात्मक बदलाव लाए जा रहे

अग्रवाल ने कहा कि इस बात को ध्यान में रखते हुए उस समय प्रक्रियाओं में बदलाव करने का प्रयास नहीं किया गया था लेकिन हमेशा यही मत था कि हम आगे प्रक्रियाओं पर इस तरह से विचार करेंगे जिससे चीजों में और स्पष्टता आए। उन्होंने कहा, /''इसलिए, एक अप्रैल 2026 से नया आयकर अधिनियम लागू होने से पहले, इस दिशा में दूसरा कदम (बजट में) उठाया गया है। इसमें हम प्रावधानों में कुछ संरचनात्मक बदलाव ला रहे हैं...।''

# मौद्रिक नीति से पहले घरेलू शेयर बाजार में तीन सत्रों की तेजी थमी

**एजेंसी ▶▶| मुंबई**

वैश्विक शेयर बाजारों के कमजोर रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार लगातार तीन सत्रों के बाद बृहस्पतिवार को गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 504 अंक टूट गया, जबकि निफ्टी में 133 अंक की गिरावट आई।

विश्लेषकों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति घोषणा से एक दिन पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने और धातु, आईटी एवं पूंजीगत उत्पाद शेयरों में तेज बिकवाली से धारणा पर प्रतिकूल असर पड़ा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स



कारोबार के अंत में 503.76 अंक यानी 0.60 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83,313.93 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 666.07 अंक गिरकर 83,151.62 अंक तक आ गया था। निफ्टी भी 133.20 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,642.80 अंक पर बंद हुआ।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''पिछले कुछ सत्रों में अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर बनी सकारात्मक धारणा से तेज उछाल देखने को मिला था लेकिन अब मुनाफावसूली हावी रही और बाजार में गिरावट रही।''

आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा शुक्रवार सुबह द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देंगे। मौद्रिक नीति समिति की बैठक बुधवार से शुरू हो गई है। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,447 शेयर गिरकर बंद हुए जबकि 1,737 शेयरों में तेजी रही और 158 अन्य अपरिवर्तित रहे।

## बिजनेस साइट

### प्रीमियम रेसिडेंशियल टाउनशिप 'आनंदम एलिगेंजा' का शुभारंभ 7-8 फरवरी को

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के तेजी से विकसित हो रहे सोन्डोगरी-हीरापुर क्षेत्र में आनंदम वर्ल्ड सिटी, कचना के प्रतिष्ठित निर्माताओं द्वारा 'आनंदम एलिगेंजा' नामक एक आधुनिक रेसिडेंशियल टाउनशिप का शुभारंभ 7-8 फरवरी को किया जा रहा है। आनंदम वर्ल्ड सिटी के डायरेक्टर राकेश सरावगी ने जानकारी देते हुए बताया कि सोन्डोगरी-हीरापुर क्षेत्र उरला-सिलतरा इंडस्ट्रियल एरिया, ट्रांसपोर्ट नगर सहित आसपास के प्रमुख व्यापारिक और औद्योगिक हब से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। सरावगी ने बताया कि यह क्षेत्र एम्स, एनआईटी, ट्रांसपोर्ट नगर, कोटा सहित अन्य प्रमुख क्षेत्रों से बेहतरीन कनेक्टिविटी प्रदान करता है। 'आनंदम एलिगेंज़ा' को इसी सोच के साथ विकसित किया गया है, ताकि कार्यस्थल के पास शांत, सुव्यवस्थित और प्रीमियम जीवनशैली उपलब्ध कराई जा सके।

ANANDAM Eleganza

#### आधुनिक प्लानिंग और प्रीमियम सुविधाएं

'आनंदम एलिगेंज़ा' में विभिन्न साइज के विला प्लॉट्स के साथ चौड़ी सड़कें, हरियाली से भरपूर गार्डन, ओपन स्पेसेज, बच्चों के लिए प्ले एरिया, वॉकिंग ट्रैक और सुव्यवस्थित आधारभूत संरचना विकसित की जा रही है। यह टाउनशिप विशेष रूप से उन परिवारों के लिए उपयुक्त है जिनका व्यवसाय या कार्यक्षेत्र उरला-सिलतरा, ट्रांसपोर्ट नगर अथवा आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों में स्थित है।

### एओआई-बीसीआर रायपुर की बड़ी पहल, कैंसर ओपीडी पर 50% छूट

**रायपुर।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर अमेरिकन ऑन्कोलॉजी इंस्टीट्यूट (एओआई) एवं बीसीआर सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, रायपुर द्वारा कैंसर मरीजों के लिए विशेष राहत योजना की घोषणा की गई है। इस पहल के तहत सभी प्रकार के कैंसर रोगियों को ओपीडी परामर्श शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट तथा पीईटी-सीटी स्कैन केवल 15,000 रु में उपलब्ध कराया जा रहा है। एओआई प्रबंधन के अनुसार, इंस्टीट्यूट ने भारत में पिछले 13 वर्षों में 12 लाख से अधिक कैंसर मरीजों का सफल उपचार किया है, वहीं 36 लाख से ज्यादा लोगों के जीवन को छुआ है। एओआई का मानना है कि हर मरीज की बीमारी और उसकी इलाज यात्रा अलग होती है, इसी सोच के साथ यहां मरीजों को व्यक्तिगत और सटीक कैंसर उपचार प्रदान किया जाता है। एओआई-बीसीआर सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में मेडिकल, सर्जिकल एवं रेडिएशन ऑन्कोलॉजी की समग्र और अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां अनुभवी और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम नवीन तकनीकों के माध्यम से कैंसर का इलाज कर रही है। संस्थान द्वारा दी गई यह विशेष सुविधा 28 फरवरी 2026 तक मान्य रहेगी। यह ऑफर केवल कैश मरीजों के लिए लागू होगा, जबकि टीपीए, बीमा एवं सरकारी योजनाओं के अंतर्गत मान्य नहीं होगा।





पीईटी-सीटी जांच मात्र 15,000 रु में उपलब्ध

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

**सुरक्षागार्ड**

अतिशीघ्र आवश्यकता है- नियोजन अधिकारी प्रतिदिन 500 से 5000 कमाने का सुनहरा अवसर, वर्किंग पार्टनर, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7747000016, 7746000016. (RO-348)

**टेलीकॉलर**

Requirment- Creditsea Finance Hiring Telecaller - Collection Associates (Hindi, English, Tamil, Telugu, Kannada, Malayalam). Salary 15,000–25,000; Male/Female; Complete Desk Job. 3rd floor, Radhey Chambers, Pandri.Contact 7999611198, 9131205196; Freshers, Experienced apply Immediately now. (RO-7243)

**टीचर/आयामदर**

आवश्यकता है- हिंदी माध्यम के सेवार्थ संचालित गौकर्ण हायर सेकेंडरी स्कूल सेजबहार-घुसेरा, रायपुर में प्लेग्रुप से मिडिल तक पढ़ाने (पार्ट/फुलटाईम) टीचर, आयमदार, गेटकीपर चाहिए. शाकाहारी, संस्कारी, ग्रामीण गृहस्थ, आवेदकों को प्राथमिकता स्वीकृति पश्चात ही साक्षात्कार में आये संपर्क 9977604440 (सुबह 8 से 9 तक) मानदेय व सुविधाएं योग्यतानुसार(RO-0343)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**सुरक्षागार्ड**

आवश्यकता है- बेरोजगार युवा आज ही नौकरी पाइए! पद – सिक्योरिटी गार्ड योग्यता – 5वी से 12वीं पास,ग्रेजुएट भी मान्य सुविधा – रहने व खाने की व्यवस्था उपलब्ध वेतन – 9,500 से 18,000 प्रति माह लोकेशन – नया रायपुर । रायपुर । रायगढ़ । आज ही कॉल करें और नौकरी पक्की करें 9201958117, 9201958118.(RO-6547)

आवश्यकता है- तेलीबांधा, कटोरा तालाब, मोतीबाग, एम.जी. रोड, सरोना, चंदनडीह, हेतु सुरक्षा गार्ड की आवश्यकता है, वेतन योग्यतानुसार। संपर्क 9981144486.(RO-6661)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- मोबाइल दुकान में मोबाइल एसेसरीज दिखाने हेतु लड़के-लड़कियों की (आकर्षक वेतन) योग्यता न्यूनतम 10वीं पास, आसपास रहवासी संपर्क करें:- अबाबा मोबाइल, मेनरोड. तेलीबांधा। 7869999902. (RO-512)

आवश्यकता है- किताब दुकान मे कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता हैं। हेल्पर / शॉप के लिए -5 , कंप्यूटर अपरेटर -2, पैकिंग/3, सेल्स मार्केटिंग -3, की आवश्यकता है। सदर बाजार रायपुर संपर्क करें- 8962444235.(RO-6659)

आवश्यकता है- होलसेल बैडशीट-परदे की दुकान में काम हेतु लड़के/लड़कियों की आवश्यक्ता है। संपर्क. कुशल टेक्सटाइल, 124, महालक्ष्मी क्लॉथ मार्केट, पंडरी, रायपुर मों.7987607137. (RO-0342)

**घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- रायपुर, शंकर नगर vip वी आई पी कॉलोनी में घरेलू काम , झाड़ू पोंछा, चौका, बर्तन तथा साफ सफाई के लिए महिला कर्मी की आवश्कता है, संपर्क करें 9425205358, 9424205358.(RO-25)

छोटा विज्ञापन

**पेट्रोल पंप कर्मी**

अतिशीघ्र आवश्यकता है- अंजार फ्यूल्स पेट्रोल पंप में पेट्रोल डीजल डालने हेतु लड़के- लड़कियों की आवश्यकता है। (रहना + खाना फ्री लड़को के लिए) वेतन योग्यतानुसार पता- HP अंजार फ्यूल्स पेट्रोल पंप शंकर नगर चौक रायपुर संपर्क करें - 9340741230.(RO-6666)

**कम्प्युटर ऑपरेटर**

आवश्यकता है- महिला / पुरुष एक्सपर्ट कंप्यूटर ऑपरेटर हिंदी अंग्रेजी फास्ट टाइपिंग मेल डाटा एंट्री टैली का नॉलेज वेतन योग्यतानुसार पद- 05 पता:- एच.पी. कंस्ट्रक्शन मानसरोवर भवन रोहिणी पुरम चौक डी.डी नगर रायपुर Mai ID hpconstruction 271 @yahoo.in 9009205000, 9826175100.(RO-6655)

**मार्केटिंग**

आवश्यकता है- इलेक्ट्रिक व्हीकल्स और सोलर एनर्जी की मार्केटिंग हेतु 40 युवक-युवतियों की। कार्यक्षेत्र:- बालोद और दुर्ग जिला। वेतन + कमीशन 15000/- से 45000/- संपर्क करें- छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स बस स्टैंड बालोद , मो.नं. -9893466123, 9243429785.(आरो न.-219)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- छत्तीसगढ़ से बाहर ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित युवकों की अतिशीघ्र आवश्यकता है , योग्यता, 10वी, 12वी, स्नातक, वेतन -12000+ कमिशन (रहना फ्री) ट्रेनिंग के बाद कमाए 20-25 हजार नोट - नशेड़ी फ़ोन न करें मो.9982589693.(RO-527)

हरिभूमि क्लासीफाईड

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु लड़का/ लड़की की आवश्यकता है (थोड़ा बहुत हिंदी कंप्यूटर टाइपिंग आता हो) संपर्क:- रमेश कुमार प्रसाद (अधिवक्ता) बनरसी नहर रोड, माना कैंप रायपुर 9993694470, 8120736802.(RO-513)

शीघ्र आवश्यकता है- जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के चाहिए।. आयु 18से 30 बर्ष वेतन 9000 + कमीशन + बोनस के साथ 20000 रहना खाना फ्री+ गाड़ी किराया + कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करें- 8085189675, 8962000161. (Ro- 528)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु मेल फीमेल स्टाफ की कंप्यूटर अनुभवी संपर्क करें - 7999527979. कोटा, रायपुर (RO-493)

**अकाउन्टेंट**

Requirment- Hiring for a Chartered Accountant (CA) office in Mowa area Raipur looking for Male Account Executive / Junior Accountant /Paid Assistant. Salary No bar.Phone No : 8770599560.(RO-6663)

**Medical चिकित्सा**

आवश्यकता है- एक प्रतिष्ठित NGOहेतु आयुर्वेदिक चिकित्सक (BAMS /BHMS), मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव (किसी भी डिग्री) टीम लीडर (अनुभवी),जनसंपर्क अधिकारी (डिग्री/MSW )कंप्यूटर ऑपरेटर (पीजीडीसीए ), कैनवॉशिंग कार्यकर्ता( 12वीं ,/डिग्री ) ,काउंसलर,( डिग्री / अनुभव) , सर्वे लड़के/ लड़कियां( 12वीं /डिग्री,), चालक (lmv ) संपर्क रेट्रो हुमन केयर फाऊंडेशन भिलाई-9301986339, 0788 4224323.(आरो न.-218)

छोटा विज्ञापन

**Property प्रापर्टी**

**कृषि भूमि**

कृषि भूमि बेचना है- कृषि भूमि खेत बेचना है 2.14 एकड़ आदिवासी की है ग्राम-बासिन,(खेदेमारा / जमुल रोड) .दुर्ग छत्तीसगढ़ मोबाइल 7987002803. (RO-6665)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

हमारा अशियाना







आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेकर व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

Healthcare

गुप्त रोगी स्वयं मिले



शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

संपर्क जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि समय - 9 बजे से 5 बजे तक
रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

इसे जरूर पढ़िये और समझिये
इसे नजर अंदाज कर क्षणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए क्योंकि यह जिद्दी व लाईलाज बीमारी है यह दवा से दबकर बार-बार फिर उभरता है। क्योंकि इसका जड़ चमड़ी में नहीं कहीं और है। क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग है सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रुसी, जोड़ों में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना नाखुनों का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग है। क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान है जैसे : शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि। ध्यान रहे पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग (इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई उपाय नहीं है, ये खुरापाती नीम हकीम आपको भ्रम में डालकर पागल बनाकर ही छोड़ेंगे सावधान। इन बीमारियों का स्थायी ईलाज इम्नुनो थैरिपी पर आधारित केवल रस-रसायन में ही हैं।
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.)
डॉ. बी.के. अग्रवाल
बी.ए.एम.एस. (यौन समस्या)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
94255-55659,93039-48500
96177-89223,93032-42200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

सेलिब्रेशन/ शिखर चंद जैन

# ये अनोखे फेस्टिवल्स यहां बच्चे करते हैं फुल मस्ती-धमाल



फेस्टिवल कोई भी हो, उसे सबसे अधिक एंज्वॉय बच्चे ही करते हैं। हम तुम्हें दुनिया भर में मनाए जाने वाले कुछ ऐसे फेस्टिवल्स के बारे में बता रहे हैं, जो कई मामलों में बहुत अनोखे हैं, यहां तुम खूब जम कर मस्ती कर सकते हो।

## जस्ट सो फेस्टिवल, चेशायर इंग्लैंड

**यह फेस्टिवल** किसी जादुई जंगल में आ जाने जैसा है। यहां बच्चे और उनके माता-पिता भालू, लोमड़ी और शेर के गेटअप में जंगलों में कैंपिंग करते हैं। इस उत्सव का मुख्य आकर्षण 'कहानियों का जंगल' यानी एक काल्पनिक दुनिया



है। यहां बच्चों और उनके माता- पिता को संगीत, कला और साहित्य के माध्यम से अलग-अलग किरदारों को जीने का मौका मिलता है। ट्राइबल टूर्नामेंट यहां की सबसे प्रसिद्ध परंपरा है। इसमें भाग लेने वाले लोग लोमड़ी, मेंढक, उल्लू या मछली जैसे विभिन्न 'कबीलों' में बंट जाते हैं। इस फेस्टिवल में पूरे वीकेंड तरह-तरह की प्रतियोगिताएं होती हैं। यहां रात के समय कहानी सुनना, जंगलों के बीच कलाकृतियां बनाना, लाइव म्यूजिक, डांस और थिएटर जैसी एक्टिविटीज शामिल हैं। यह फेस्टिवल इंग्लैंड के चेशायर में सुंदर उद्यानों और जंगलों में आयोजित किया जाता है, जो इसे एक परिकथा जैसा माहौल देता है। इस साल यह उत्सव 21 से 23 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। *

## कैंप बेस्टिवल, डोरसेट यूके

**बच्चों के** लिए खास आकर्षण कैंप बेस्टिवल को विशेष रूप से 'फैमिली फ्रेंडली' फेस्टिवल माना जाता है। इस साल इसे 'सीसाइड' (समुद्र के पास) थीम के साथ मनाया जाएगा। इस बार के फेस्टिवल में बच्चों के चहेते मिस्टर टम्बल, ब्लिपी और मिस्टर मेकर लाइव शो करेंगे। साथ ही 'हॉरिबल हिस्ट्रीज' की टीम इतिहास को मजेदार अंदाज में पेश करेगी। यहां म्यूजिक के अलावा 100 से अधिक एक्टिविटीज होंगी, जिनमें सर्कस वर्कशॉप, साइंस शो, आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स और एडवेंचर स्पोर्ट्स शामिल हैं। यहां आए लोग अपनी फैमिली के साथ टेंट या लग्जरी कैंप्स में ठहर सकते हैं। यह चार दिवसीय रंगारंग कार्यक्रम इस साल 30 जुलाई से 2 अगस्त 2026 तक यूके के डोरसेट में ऐतिहासिक लुलवर्थ कैसल मैदानों में आयोजित किया जाएगा। *

## इंटरनेशनल चिल्ड्रेंस फेस्टिवल ऑफ द आर्ट्स, सेंट अल्बर्ट कनाडा

**यह कनाडा** के अल्बर्टा प्रांत के सेंट अल्बर्ट शहर में आयोजित होने वाला एक प्रतिष्ठित वार्षिक उत्सव है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को विश्व स्तरीय कला, संगीत, थिएटर और नृत्य से रूबरू कराना है। यह मेला केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका लक्ष्य बच्चों की कल्पनाशीलता को जगाना और उन्हें सांस्कृतिक



विविधता के प्रति जागरूक करना है। यह उत्सव बच्चों के लिए किसी जादुई दुनिया से कम नहीं होता। इसमें दुनिया भर से आए कलाकार एक्रोबेटिक्स, कठपुतली शो, थिएटर और मैजिक शो पेश करते हैं। यहां बच्चे भी केवल दर्शक नहीं होते, बल्कि वे खुद कलाकार बनते हैं। मिट्टी के बर्तन बनाना, पेंटिंग, ड्रम बजाना और नृत्य जैसी कई इंटरैक्टिव वर्कशॉप आयोजित की जाती हैं। यहां की स्टर्जन नदी के किनारे खुले मैदानों में चेहरे पर पेंटिंग, गुब्बारे की कला और सड़क किनारे होने वाले करतब बच्चों का मन मोह लेते हैं। यह उत्सव कनाडा की बहुसांस्कृतिक पहचान को दर्शाता है। इसमें स्वदेशी कलाकारों के प्रदर्शन और कहानियों को विशेष स्थान दिया जाता है, जिससे बच्चे अपनी जड़ों और अन्य संस्कृतियों को समझ सकें। यह उत्सव इस साल 29 मई से 1 जून तक आयोजित किया जाएगा। *

## सांता क्रूज डी टेनेरिफ, कैनरी द्वीप स्पेन

**स्पेन के** इस द्वीप पर कार्निवल के दौरान बच्चों की अपनी अलग प्रतियोगिताएं होती हैं। छोटे बच्चों की अपनी 'क्वीन' चुनी जाती है, जो भारी और बेहद सुंदर गाउन पहनती है। यहां की 'मर्गस' नाम की संगीत मंडलियां बच्चों के लिए मजाकिया गाने गाती हैं। बच्चों के लिए खूब मौज-मस्ती भरा होता है यह फेस्टिवल। *



## गोवा कार्निवल, गोवा भारत



**बच्चो, अपने** देश में भी कई रंग-बिरंगे और ज्वॉयफुल फेस्टिवल्स मनाए जाते हैं। गोवा कार्निवल भी किसी विदेशी फेस्टिवल से कम नहीं है। यहां हर साल एक स्थानीय व्यक्ति को 'किंग मोमो' चुना जाता है। किंग मोमो को कार्निवल्स का राजा माना जाता है। किंग मोमो के आदेश पर ही गोवा कार्निवल की शुरुआत होती है। इस मेले में सड़कों पर झांकियां निकलती हैं। बच्चे चमकीले कपड़े पहनकर सड़कों पर गिटार और ड्रम बजाते हैं। यह त्योहार हमें सिखाता है कि खुश रहना ही सबसे बड़ा उत्सव है। इस वर्ष गोवा कार्निवल 13 से 17 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। *

अनोखा जंतु / अंजू जैन

बच्चो, प्रकृति में अनोखी शारीरिक विशेषताओं से युक्त अनेक जीव-जंतु, कीट-पतंगे पाए जाते हैं। ऐसा ही एक जंतु है ओलियंडर हॉक। इसकी कई प्रजातियां पाई जाती हैं। इसकी कौन-सी विशेषताएं हैं, यह कहां-कहां पाया जाता है, जानो।

# छिपने में माहिर सुंदर-आकर्षक ओलियंडर हॉक



बच्चो, दिखने में बहुत ही सुंदर और अद्भुत शारीरिक क्षमता वाला पतंगा है ओलियंडर हॉक। यह शिकारियों से छिपने की कला में बहुत माहिर होता है। इसका वैज्ञानिक नाम 'डैफनीस नेरी' है। इसे 'आक का पतंगा' भी कहा जाता है, क्योंकि इसके कैटरपिलर (लार्वा) आमतौर पर आक के पौधों पर पाए जाते हैं। इसे 'हॉक-मॉथ' या 'स्फिंक्स मॉथ' के नाम से भी जाना जाता है। इसकी लगभग 1,450 प्रजातियां पाई जाती हैं।

**शारीरिक रंग-रूपः** ओलियंडर हॉक के पंखों का फैलाव लगभग 9 सेंटीमीटर से 13 सेंटीमीटर तक होता है। हालांकि इसके रंग अलग-अलग होते हैं, लेकिन इसके पंख आमतौर पर हरे और जैतून के रंग के पैटर्न से बने होते हैं। इससे इसका रंग-रूप सैनिकों की वर्दी जैसा दिखता है। इसीलिए इसे 'आर्मी ग्रीन मॉथ' के नाम से भी जाना जाता है। इसके प्रत्येक पंख पर भूरे और सफेद रंग की धारियों वाली आंखों जैसी संरचना होती है। यह पतंगा अपनी रंग-बिरंगी खूबसूरत कैमोफ्लॉज डिजाइन के लिए जाना जाता है। इसके पंखों पर हरे, गुलाबी और सफेद पैटर्न बने होते हैं, जो इसे पत्तों के बीच छिपने में मदद करते हैं।



**ओलियंडर हॉक के कैटरपिलरः** आमतौर पर ओलियंडर हॉक के कैटरपिलर लाल-भूरे और काले रंग के होते हैं, जिसके पूरे शरीर पर सफेद धब्बे होते हैं। ये पुदीने जैसे हरे, लाइम ग्रीन या नीले रंग के भी होते हैं। लार्वा के शरीर पर बड़े-बड़े आंख जैसे धब्बे होते हैं, जो शिकारियों को डराने के लिए आकार में बढ़ते हैं। इसके शरीर के पिछले हिस्से पर एक मांसल सींग भी होती है, जो पीले या काले रंग की होती है। ओलियंडर हॉक में उड़ने और तेजी से मंडराने की अच्छी क्षमता होती है। एक वयस्क ओलियंडर हॉक-मॉथ का जीवनकाल लगभग 10-30 दिनों का होता है। वयस्क होने से पहले यह अंडे, लार्वा, प्यूपा जैसे विभिन्न चरणों से गुजरता है।

**कहां-कहां पाया जाता हैः** ओलियंडर हॉक उत्तरी अफ्रीका, एशिया और यूरोप के कई हिस्सों में मूल रूप से पाए जाते हैं। यह एक प्रवासी प्रजाति है, इसलिए यह अपने मूल क्षेत्र के बाहर भी पाया जा सकता है। यह गर्म इलाकों में रहना पसंद करता है। ये ज्यादातर समय पहाड़ियों और झाड़ियों पर बिताते हैं। ये शाम ढलने के बाद सबसे ज्यादा सक्रिय होते हैं। ये आमतौर पर मानव बस्तियों के पास रहने पर प्रकाश स्रोत की ओर आकर्षित होते हैं।

**क्या है भोजनः** ओलियंडर के कैटरपिलर आक के पत्तों को खाते हैं। वयस्क ओलियंडर हॉक विभिन्न फूलों के रस से अपना भोजन प्राप्त करते हैं। यह रस पीने के लिए हमिंगबर्ड की तरह फूलों के ऊपर मंडराते रहते हैं। चमेली, विंका, पेटुनिया और हनीसकल (मधुमालती) जैसे फूलों को ये विशेष रूप से पसंद करते हैं। *

बालगीत / सिराज अहमद

# चाचू तफरीबाज

अपने चाचू हैं
मजाकिया थोड़े तफरीबाज
नाटक करते ऐसा
कि तुम उनको समझ न पाओ
झूठमूठ गुस्साते
फिरते, उलझन में पड़ जाओ
फिर हंसते तो
दादी बोले आ जाओ तुम बाज
कभी रात में
बनकर काला भूत डराते हमको
कभी-कभी
आंगन में यूं ही बस दौड़ाते हमको
कभी निकाले
मुंह से बंदर-बिल्ली की आवाज
छुपम-छुपाई
खेले बनकर, हम जैसे ही बच्चे
हम कहते हैं
चाचू अपने, जग में सबसे अच्छे
उनको हमसे
प्यार बहुत है, हमको उन पर नाज



## बूझो तो जानें



1. तरल रूप में पाया जाऊं,
जीवन का पर्याय कहाऊं।
ठोस रूप भी मैं ले सकता,
गर्म करो तो मैं उड़ जाऊं।

2. लता में लगने वाला पत्ता,
शौक से खाया जाता।
कत्थे-चूने की परतों से,
खूब सजाया जाता।

3. चपर-चपर चरती है चारा,
मैं-मैं कर मिमियाए।
दूध बड़ा गुणकारी देती,
बोलो क्या कहलाए?

- वसीम अहमद नगरामी

उत्तर: 1. पानी, 2. पान, 3. बकरी

## जीके क्विज-191

1. देश की वर्तमान वित्त मंत्री कौन हैं?
2. पुरुष हॉकी इंडिया लीग 2026 का खिताब किसने जीता है?
3. 'दिल्ली चलो' का नारा किसने दिया था?
4. 500 सिंगल्स मुकाबले जीतने वाली पहली भारतीय शटलर कौन बन गई हैं?
5. रात में दिखाई पड़ने वाला सबसे चमकीला तारा कौन-सा है?
6. पृथ्वीराज चौहान कहां के शासक थे?
7. स्वतंत्र भारत के पहले वित्त मंत्री कौन थे?
8. 'आनंदमठ' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?
9. सफेद सोना (व्हाइट गोल्ड) किसे कहा जाता है?
10. हीराकुंड बांध किस राज्य में स्थित है?



बच्चों, जीके क्विज-191 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-190 का उत्तर :** 1.साइना नेहवाल, 2.आर्यन वार्ष्णेय, 3.राजनाथ सिंह, 4.शाहजहां, 5.शुभांशु शुक्ला, 6.पद्म विभूषण, 7.टोकोफेरॉल, 8.विटामिन डी, 9.वृहस्पति, 10.बछेंद्री पाल

**जीके क्विज-190 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, रमेश-बैकुंठपुर, दारा-महासमुंद, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, श्रेया-दामोह, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, अंकित-दुर्ग, सारिका-रायपुर, नेहा-भोपाल, ज्योति-बैकुंठपुर

घर में आदमी, गाय, कुत्ते ने साथ-साथ कैसे रहना शुरू किया, इसके पीछे बड़ी रोचक कहानी है। बच्चो, तुम भी इसको जानो।

# कहानी घर, पेड़ और गाय की



कहानी
समीर गांगुली



एक घर, एक पेड़ और एक गाय तीनों अड़ोसी-पड़ोसी थे। पेड़ को रात में चलने की बीमारी थी। घर में कोई मनुष्य नहीं रहता था। वह जब-तब आवाज देकर लोगों को अपने यहां रहने के लिए बुलाया करता था। जब कोई आ जाता तो घर तरह-तरह की करतूतों से उसे डराता और रात-बेरात भगा देता था। गाय को गाने का बड़ा शौक था, वह सारा दिन अपनी धुन में गाती रहती थी। लेकिन बड़ा बेसुरा गाती थी, सो कोई उसके पास नहीं फटकता था।

बस थोड़ी दूर एक कुत्ता भी रहता था, जो दूर से ही इन तीनों की हरकतों को देखता रहता था। एक दिन खूब जोर से बारिश आई, पेड़ नाचने लगा। गाय डर कर चुप हो गई और घर ने आवाज देकर बारिश में भीगते कुत्ते को बुलाया। कुत्ता भीगता-भीगता घर के अंदर पहुंचा। घर के बीचोंबीच एक दरी बिछी थी। कुत्ता जाकर उस पर बैठ गया। उसे वहां बैठ कर बड़ा अच्छा लगा। खिड़की से नाचते पेड़ को देखा तो पेड़ ने उसे बाहर आकर नाचने का न्योता दिया। वह बाहर गया तो नहीं, मगर पेड़ का नाच उसे पसंद आया। इसके बाद गाय पर नजर पड़ी तो डरी गाय को देखकर उसकी मदद करने का मन हुआ। उसने गाय की तरफ देखकर एक लंबी सी आवाज निकाली, जिसे गाय ने कुत्ते का गाना समझा और वह भी उछल कर जोर-जोर से गाने लगी। वही बेसुरा गाना और गाते-नाचते घर के दरवाजे तक आ गई। घर धूल-मिट्टी और कबाड़ से भरा था। कुत्ते ने झाड़ियों का एक झाड़ू बनाया और घर को साफ कर दिया। इससे घर खुश हुआ, वह बोला, 'आज से हम सब दोस्त। अब हमारे सुख-दुख साझा हैं।'

कुत्ता खुश हो गया। उसे बहुत दिनों बाद किसी से बात करने का मौका मिल रहा था। वह तुरंत बोला, 'ठीक है, हमारे सुख-दुख हैं क्या?

गाय ने सिर हिलाकर कहा, 'मुझे तो पता नहीं।'

घर हंसा और बोला, 'चलो किसी आदमी को बुलाते हैं। वही हमें सुख और दुख दोनों देगा।' और फिर वे आदमी का इंतजार करने लगे। एक दिन आदमी आया और उसने घर से पूछा, 'क्या मैं यहां थोड़ी देर विश्राम कर सकता हूं? बस आज रात?'

कुत्ते ने आदमी का एक चक्कर लगाकर पूछा, 'मगर तुम्हारी गठरी में क्या है?'

आदमी बोला, 'सुख और दुख।'

यह सुनकर घर, कुत्ता और गाय एक साथ बोले, 'हां-हां, क्यों नहीं! चाहो तो हमेशा के लिए रह जाओ।' तब से आदमी, घर, कुत्ता और गाय साथ-साथ रहते हैं। सुख-दुख मिल कर सहते हैं। *



कहानी
मोहम्मद अरशद खान

एक दिन मम्मी की तबीयत बिगड़ी तो दिल्लू ने दादी की मदद से उनके लिए दलिया बनाई। अपने लिए पिज्जा ऑर्डर कर दिया। लेकिन इस ऑर्डर को उसने कैंसिल कर दिया। उसने भी मजे से दलिया खाई। आखिर दिल्लू का मन कैसे बदल गया?

# दिल्लू ने बनाया दलिया

दादी को दम-आलू अच्छा लगता है। पापा को शाही पनीर बहुत पसंद है। मम्मी के लिए राजमा-चावल के आगे सब बेकार। पर दिल्लू को क्या पसंद है...? कुछ नहीं। दाल में मजा नहीं आता। गोभी अजीब लगती है। बैंगन बेकार है। लौकी-कद्दू का तो कोई नाम भी न ले। पालक, परवल, भिंडी कुछ भी अच्छा नहीं लगता।

आज मम्मी को बुखार आ रहा है। सुबह से बिस्तर पर पड़ी हुई हैं। कामवाली बुआ गांव गई हैं। उनकी बेटी की शादी है। पापा ड्यूटी गए हैं। घर पर अकेली दादी हैं। तो फिर खाना कौन बनाएगा? दिल्लू बेफिक्र है। दादी का व्रत है। इसलिए वह सिर्फ फल खाएंगी। फ्रिज में ढेर सारे फल पहले से रखे हैं। अपने लिए वह पिज्जा ऑर्डर कर लेगा। लेकिन मम्मी...? वह क्या खाएंगी? डॉक्टर ने कहा है सिर्फ हल्का-फुल्का खाना दे सकते हैं- जैसे दलिया। 'हां, यही ठीक रहेगा। मम्मी के लिए दलिया बना दूंगा। अपने लिए डबल चीज पिज्जा ऑर्डर कर देता हूं।' दिल्लू ने सोचा। लेकिन दलिया बनाना तो उसे आता नहीं। 'कोई बात नहीं दादी से पूछ लूंगा।' सोचता हुआ दिल्लू किचन में जा पहुंचा। 'सबसे पहले क्या करना होगा...?' उसने दादी को जोर से आवाज लगाते हुए पूछा।

दादी मुश्किल से चलती हुई किचन में आईं। दिल्लू उनके बैठने के लिए कुर्सी ले आया। दादी बैठती हुई बोलीं, 'सबसे पहले एक साफ पैन लेना होगा। फिर चूल्हा जलाना होगा...।' 'उफ, दादी ये सब तो मालूम है। उसके आगे बताइए।' दिल्लू चिढ़कर बोला। 'तो फिर एक कटोरी दलिया लो और पैन में हल्की आंच पर इसे भून लो।' उसके खीझने पर दादी हंसते हुए बोलीं।



दिल्लू दलिया भूनने लगा। बीच-बीच में पूछता, 'अब बस करूं?'

दादी कहतीं, 'थोड़ा और, जब खुशबू आने लगे।' 'अब आगे क्या करना है?' दलिया भूनने के बाद दिल्लू ने पूछा।

दादी ने बताया, 'अब देसी घी की छौंक लगानी है।' 'लेकिन घी कहां रखा है?' दिल्लू ने पूछा। 'ये तो मुझे भी नहीं पता, मम्मी से क्यों नहीं पूछ लेते?' दादी ने कहा। 'श... श... श... उन्हें सरप्राइज देना है।' दिल्लू ने होंठों पर अंगुली रखते हुए कहा। कई मर्तबानों के ढक्कन खोलने के बाद घी मिला। अब लौंग-इलायची ढूंढना इससे भी मुश्किल काम था। पर उसने ढूंढ निकाला। अब जरूरत थी, दूध और शक्कर की। यह ढूंढना थोड़ा आसान था। दिल्लू दलिया बनाने में कसर नहीं छोड़ना चाहता था। ताकि मम्मी को भी पता लगे, वह कितना अच्छा कुक है। अखिरकार दलिया बनकर तैयार हो गया। लेकिन इतने से काम में दिल्लू के पसीने छूट गए। हाथ जलते-जलते बचा और कपड़े भी गंदे हुए, पर वह खुश था।

'थोड़ा ठंडा हो जाने दो, फिर परोस देना।' दादी उसकी पीठ थपथपाती हुई कमरे में चली गईं। मम्मी अभी सो रही थीं। दिल्लू ने सोचा क्यों न दलिया चखकर देखा जाए। पहली बार खुद से कोई चीज बनाई है। पता नहीं कैसा स्वाद हो। मम्मी को अच्छी लगे न लगे। उसने कटोरे में दलिया निकाला। डरते-डरते एक चम्मच मुंह में रखा। स्वाद पाते ही उसका चेहरा खिल उठा। दलिया तो बहुत अच्छा बना था। 'वाह क्या स्वाद है!' एक चम्मच... दो चम्मच... तीन चम्मच... वह खाता ही रहा। 'मम्मी के लिए दोबारा बना लूंगा।' उसने सोचा।

दादी बाथरूम से लौट रही थीं। दिल्लू को देखकर बोलीं, 'तुम तो कहते थे तुम्हें दलिया पसंद नहीं है।' 'पर आज से अच्छा लगने लगा है।' दिल्लू हंसकर बोला।

'लेकिन तुमने पिज्जा ऑर्डर किया था। उसका क्या होगा?' दादी को भी हंसी आ गई। 'वह ऑर्डर तो मैंने कैंसिल कर दिया।' दिल्लू ने कहा और पैन में बचा दलिया कटोरे में उड़ेल लिया। *

## रंग भरो-195

**रंग भरो-195** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





सरस्वती, दिल्ली



वेदिका, कोरबा



डिंपल, दुर्ग



पूर्वी, खैरागढ़



कल्पित, बालोद




श्रुति, भिवानी

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

पयोधि-अंबिकापुर, आन्या-दुर्ग, आदित्य-खैरागढ़, अनुभव-सूरजपुर, चेतन-दुर्ग, धरनी-दुर्ग, प्रतिभा-सारंगढ़ बिलाईगढ़, खुशी-रोहतक, रितेश-मटियारी, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, आकाश-बलौदा बाजार

## रंग भरो 196



बच्चो, यहां एक क्यूट-से पांडा का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

# आरसीबी की मंधाना-वॉल की तूफानी पारी, डीसी को हराकर जीता दूसरा खिताब

एजेंसी ▶▶| वडोदरा

विमेंस प्रीमियर लीग 2026 के फाइनल मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिल्ली कैपिटल्स को 6 विकेट से हराते हुए दूसरी बार खिताब पर कब्जा जमाया। इससे पहले आरसीबी ने 2024 संस्करण में खिताब जीता था। वडोदरा में हुए फाइनल में आरसीबी ने कप्तान स्मृति मंधाना (87) और जॉर्जिया वॉल (79) की तूफानी पारी की मदद 19.4 ओवर्स में सिर्फ 4 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल किया। दिल्ली कैपिटल्स ने कप्तान जेमिमा रोड्रिगेज के अर्धशतक (57) की बदौलत पहले बल्लेबाजी करते हुए 203/4 का स्कोर बनाया था। आरसीबी ने डब्ल्यूपीएल के इतिहास में फाइनल मुकाबले में सबसे बड़ा रन चेज किया।

## इस तरह से रोचक रहा फाइनल मुकाबला

दिल्ली कैपिटल्स को शेफाली वर्मा (20) के रूप में पहला झटका लगा, जबकि लिजेल ली 20 गेंदों में 37 रन बनाकर आउट हुईं।इसके बाद रोड्रिगेज, और लौरा वोल्वाड्ट (44) ने पारी को संभाला। वहीं, शिनेल हेनरी ने नाबाद 35 रन बनाते हुए टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में ग्रेस हैरिस (9) के जल्दी आउट होने के बाद मंधाना और वॉल ने उम्दा पारियां खेली। आखिरकार आरसीबी ने 19.4 ओवर में लक्ष्य हासिल किया। आरसीबी की तरफ से गेंदबाजी में सयाली सतघरे, अरुंधती रेड्डी और नादिन डी क्लर्क ने एक-एक विकेट हासिल किया।

## जेमिमा रोड्रिगेज ने लगाया दूसरा अर्धशतक

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डीसी ने जब 72 रन के स्कोर पर अपना दूसरा विकेट खोया, तब रोड्रिगेज क्रीज पर आईं। वह 37 गेंदों में 57 रन बनाकर आउट हुईं। रोड्रिगेज ने डब्ल्यूपीएल 2026 में 10 पारियों में 264 रन बनाए। उन्होंने 2 अर्धशतक भी लगाए। वहीं लौरा वोल्वार्डट ने 44 रनों की पारी खेली। इसके अलावा शिनेल हेनरी ने सिर्फ 15 गेंदों में 4 चौके और 2 छक्कों की मदद से 35 रनों की पारी खेली।

## विमेंस प्रीमियर लीग 2026, प्लेयर ऑफ द फाइनल मैच स्मृति मंधाना




## जॉर्जिया वॉल ने खेली उम्दा पारी

आरसीबी ने लक्ष्य का पीछा करते हुए जब 9 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट गंवाया, तब वॉल क्रीज पर आई। उन्होंने पावरप्ले ओवरों का भरपूर फायदा उठाया और डीसी की औसत सी गेंदबाजी के सामने उम्दा बल्लेबाजी की। इस ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ने 37 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। वह 54 गेंदों पर 79 रन की पारी खेलकर आउट हुई। उन्होंने अपनी इस पारी में 14 चौके भी लगाए।

## मंधाना ने खेली कप्तानी पारी बनाया रिकॉर्ड

चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने ग्रेस हैरिस का विकेट जल्दी गंवा दिया था। इसके बावजूद कप्तान मंधाना ने आक्रामक बल्लेबाजी की और सिर्फ 23 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने अपने डब्ल्यूपीएल में 1,000 रन का आंकड़ा भी पार किया। वह 41 गेंदों में 12 चौकों और 3 छक्कों की बदौलत 87 रन बनाकर आउट हुई। वह डब्ल्यूपीएल 2026 में सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज रही।

## वॉल और मंधाना ने की रिकॉर्ड साझेदारी

वॉल और मंधाना ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 92 गेंदों में 165 रन की साझेदारी की। यह डब्ल्यूपीएल के इतिहास में किसी भी विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी का नया रिकॉर्ड दर्ज हुआ। इससे पहले मेग लैनिंग और शेफाली वर्मा (डीसी) ने डब्ल्यूपीएल 2023 में आरसीबी के खिलाफ 162 रन की साझेदारी की थी। इस सूची में तीसरी सबसे बड़ी साझेदारी जेस जोनासेन और शफाली (146 रन बनाम आरसीबी, बेंगलुरु, 2025) की दर्ज है।

## आरसीबी ने जीता अपना दूसरा खिताब

डब्ल्यूपीएल के इतिहास में यह आरसीबी की दूसरी खिताबी जीत साबित हुई। इससे पहले 2024 के संस्करण में भी आरसीबी ही विजेता बनी थी। तब भी आरसीबी की कप्तानी मंधाना ने की थी। आरसीबी के अलावा मुंबई इंडियंस 2 बार (2023 और 2025) विजेता बनी है।

## किसे मिला कौन सा पुरस्कार

सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन– ग्रेस हैरिस (5 लाख ) एक्टिव कैच ऑफ द सीजन अवॉर्ड– लूसी हैमिल्टन (5 लाख), मोस्ट सिक्सेज ऑफ द सीजन (13)– हरमनप्रीत (5 लाख), ग्रीन डॉट बॉल ऑफ द सीजन– लॉरेन बेल (128 डॉट बॉल, 5 लाख), एमर्जिन प्लेयर ऑफ द सीजन– नंदनी शर्मा (5 लाख), पर्पल कैप– सोफी डिवाइन (17 विकेट) (5 लाख ), ऑरेंज कैप– स्मृति मंधाना (377 रन) (5 लाख ), फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच– स्मृति मंधाना (87 रन) (2.5 लाख), मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर (एमवीपी)– सोफी डिवाइन (5 लाख)

## खबर संक्षेप



### भारत बिली जीन किंग कप की मेजबानी करेगा

नई दिल्ली। अखिल भारतीय टेनिस संघ ने कहा कि देश को बिली जीन किंग कप 2026 महिला टेनिस विश्व कप की मेजबानी का अधिकार दिया गया है।

एआईटीए के महासचिव अनिल धूपर ने एक बयान में कहा, ''भारत को इस साल अप्रैल में गेनब्रिज एशिया/ओसियाना ग्रुप एक प्रतियोगिता के तहत बिली जीन किंग कप 2026 महिला टेनिस विश्व कप की मेजबानी का मौका मिला है।'' यह प्रतियोगिता सात से 11 अप्रैल तक दिल्ली लॉन टेनिस संघ परिसर के नए नवीनीकृत कोर्ट पर होगी।

### ओलंपिक में मशाल थामकर गौरवान्वित हूं



**नई दिल्ली।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने बृहस्पतिवार को कहा कि मिलान कोर्तिना शीतकालीन खेलों से पहले ओलंपिक मशाल थामकर वह काफी अच्छा और गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। शीतकालीन ओलंपिक शुक्रवार को इटली में शुरू हो रहे हैं। बीजिंग ओलंपिक 2008 में 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीतने वाले बिंद्रा को पिछले साल अक्टूबर में मशाल वाहक चुना गया था। शीतकालीन ओलंपिक 22 फरवरी को समाप्त होंगे। इसमें 16 खेलों में 116 पदक दाव पर लगे हैं।

### धाविका पूजा डोप टेस्ट नहीं देने के कारण निलंबित

**नई दिल्ली।** भारत की लंबी दूरी की धाविका पूजा आत्माराम को डोप टेस्ट से बचने के कारण एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया है। एआईयू ने एक संक्षिप्त बयान में कहा एआईयू ने भारत की पूजा आत्माराम को नमूना देने से बचने, मना करने या नहीं देने के कारण अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया है।

## आम सूचना

आम-जनों को सूचित किया जाता है कि हमारी कम्पनी Ssquare Iromax Pvt. Ltd. की एक वाहन महिन्द्रा स्कॉर्पियो-एन CG05AP5000 को छ.ग. पुलिस में कार्यरत विशाल सोन, उप-पुलिस अधीक्षक (वर्तमान में जिला-दंतेवाड़ा में पदस्थ) ने नवम्बर 2023 में अपने मेडिकल अवकाश के दौरान अपने व्यक्तिगत कार्य के लिए मांगा था और कुछ दिनों बाद वापस करने की बात कही थी, परंतु आज 2 वर्षों के बाद भी विशाल सोन, उप-पुलिस अधीक्षक छ.ग. पुलिस उक्त वाहन को अपने आधिपत्य में अवैध रूप से रखे हुए हैं। कम्पनी ने इस संबंध में थाना जामुल, जिला-दुर्ग (छ.ग.) में विशाल सोन के विरुद्ध एक शिकायत दर्ज करवाई है।

अगर उक्त वाहन महिन्द्रा स्कॉर्पियो-एन CG05AP5000 से कोई दुर्घटना होती है या उक्त वाहन का किसी आपराधिक एवं अवैध कार्य के लिए उपयोग किया जाता है, तो इसके लिए मात्र विशाल सोन, उप-पुलिस अधीक्षक (वर्तमान में जिला-दंतेवाड़ा में पदस्थ) जिम्मेदार होंगे।

द्वारा,
एसस्क्वायर आयरोमैक्स प्रा. लि.

## अंडर 19 वर्ल्ड कप का फाइनल मैच आज हरारे स्टेडियम में दोपहर 1 बजे से

# पूरे टूर्नामेंट में अपराजेय रहे भारत इंग्लैंड के बीच खिताबी जंग आज

एजेंसी ▶▶| हरारे

भारत ने पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रहते हुए एक बार फिर अंडर-19 वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बना ली है। साल 2024 में ऑस्ट्रेलिया ने भारत का सपना तोड़ दिया था। अब दो साल बाद टीम इंडिया खिताब से बस एक कदम दूर खड़ी है। सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को हराने के बाद भारतीय टीम के हौसले सातवें आसमान पर हैं। कप्तान आयुष म्हात्रे की अगुवाई में टीम इतिहास रचने को तैयार है। वहीं इंग्लैंड की टीम भी पूरे टूर्नामेंट में अपराजेय रही और वह भी खिताब जीतने पूरे दमखम के साथ मैदान में उतरेगी। ऐसे में भारत के गेंदबाजों व बल्लेबाजों को दमदार प्रदर्शन करना बेहद जरूरी है। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर एक बजे से शुरू होगा। भारत ने अभी तक एक भी मैच बिना हारे फाइनल में जगह बनाई है और अब उसका सामना एक और अपराजेय टीम इंग्लैंड से होना है। भारत को बखूबी पता है कि गत चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर इंग्लैंड के हौसले बुलंद है और उसे हराना आसान नहीं होगा।




### इंग्लैंड की टीम को कम आकना होगी बड़ी भूल

इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले शीर्ष पांच गेंदबाजों में कोई भारतीय नहीं है। इंग्लैंड के मैन्नी लुम्सडेन 15 विकेट लेकर शीर्ष पर है। इंग्लैंड के लिए बेन मायेस ने एक शतक और दो अर्धशतक समेत 399 रन बनाए हैं। कप्तान थॉमस रियू भी अच्छे फॉर्म में हैं और सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ शतक समेत 299 रन बना चुके हैं।

### इन बल्लेबाजों पर टिकी है भारत की उम्मीदें

सेमीफाइनल में शानदार जीत के बाद भारत अपनी विनिंग प्लेइंग 11 के साथ ही मैदान पर उतर सकता है। एरोन जॉर्ज और वैभव सूर्यवंशी की जोड़ी इंग्लैंड के गेंदबाजों के लिए खतरा बन सकती है। सबसे अच्छी खबर यह है कि कप्तान आयुष म्हात्रे और विहान मल्होत्रा के बल्ले से भी लगातार रन निकल रहे हैं। वहीं, अभिज्ञान कुंडू निचले क्रम में टीम को मजबूती दे रहे हैं।

### गेंदबाजों को दिखाना होगा दम

फाइनल मैच में टीम इंडिया को अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। आर.एस अंबरीश, हेलिन पटेल और दीपेश को भी गेंद से कमाल दिखाना होगा। स्पिनर कनिष्क चौहान और खिलन पटेल की भूमिका भी अहम रहेगी। ज्ञात हो कि इंग्लैंड के बल्लेबाज तेज गेंदबाजों को खेलने में माहिर हैं।

### टीम इंडिया की संभावित प्लेइंग 11

एरोन जॉर्ज, वैभव सूर्यवंशी, आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा, वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू, आर.एस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, हेलिन पटेल, दीपेश देवेन्द्रन।

**इंग्लैंड :** थॉमस रियू (कप्तान), राल्फी अलबर्ट, अली फारूक, बेन डॉकिंस, कालेब फाकनेर, फरहान अहमद, एलेक्स फ्रेंच, एलेक्स ग्रीन, ल्यूक हैंड्स, इसाक मोहम्मद, मैन्नी लुम्सडेन, बेन मायेस, जेम्स मिंटो, जोसेफ मूरेस, सेबेस्टियन मोर्गन

## बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप

# थाईलैंड से हारने के बावजूद भी गत चैम्पियन भारत क्वार्टर फाइनल में




**किंगदाओ (चीन)।** युवा तन्वी शर्मा के शानदार प्रदर्शन के बावजूद गत चैम्पियन भारत को बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप में ग्रुप वाय के दूसरे मैच में बृहस्पतिवार को थाईलैंड के हाथों 2-3 से पराजय झेलनी पड़ी। इस हार के बावजूद भारत ने क्वार्टर फाइनल के लिये क्वालीफाई कर लिया है।म्यामां को पहले मैच में 5-0 से हराने के बाद भारत ग्रुप वाय में थाईलैंड के बाद दूसरे स्थान पर रहा।

रक्षिता रामराज हालांकि 2023 विश्व जूनियर चैम्पियन 19 वर्ष की पिचामोन ओमात्निपुत से 19-21, 17-21 से हार गई। दूसरे युगल मैच में तनीषा क्रास्टो और श्रुति मिश्रा को एच मिजाद और नापापाकोर्न तुंगकासातान ने 19-21, 21-14, 21-15 से हराया। मालविका बंसोड को पहलो एकल में पोर्नपिचा चोइकीवोंग ने 21-18, 21-14 से हराया।

### तन्वी-गायत्री, त्रिसा ने दर्ज कराई जीत

दुनिया की 42वें नंबर की खिलाड़ी और 2024 में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम की सदस्य रही तन्वी ने विश्व रैंकिंग में 16वें स्थान पर काबिज बुसानन ओंगामरूनंगफान को 21-14, 17-21, 21-18 से हराया। गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली की जोड़ी ने इसके बाद 65वीं रैंकिंग वाली टी क्लीबायीसुन और नत्तामोन लेइसुआन की जोड़ी को 21-14, 20-22, 21-11 से हराया।

## टी-20 विश्व कप

# इतिहास में भारतीय टीम द्वारा बनाए गए सबसे बड़े स्कोर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी-20 विश्व कप के इतिहास में भारतीय क्रिकेट टीम ने कई बार अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से दुनिया को हैरान किया है। बड़े मंच पर खेले गए मुकाबलों में भारतीय टीम ने ऐसे विशाल स्कोर खड़े किए, जिन्होंने विरोधी टीमों की कमर तोड़ दी। ये स्कोर सिर्फ रन नहीं, बल्कि भारतीय बल्लेबाजों की आक्रामक सोच और ताकत का प्रतीक हैं। ऐसे में आइए जानते हैं भारतीय टीम द्वारा बनाए गए टी-20 विश्व कप में सबसे बड़े स्कोर।

### 218/4- साल 2007

भारतीय क्रिकेट टीम ने साल 2007 के विश्व कप में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 218/4 का स्कोर बना दिया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए गौतम गंभीर ने 41 गेंदों में 58 रन बनाए थे। वीरेंद्र सहवाग के बल्ले से 52 गेंदों में 68 रन निकले थे।

### 210/2- साल 2021

भारतीय टीम का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर साल 2021 के टी-20 विश्व कप में आया था। टीम ने अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ 210/2 का स्कोर बनाया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए रोहित शर्मा ने 47 गेंदों का सामना करते हुए 74 रन बनाए थे। ऋषभ पंत ने 13 गेंद में 27 रन और हार्दिक पांड्या ने 35 रन बनाए थे। केएल राहुल के बल्ले से 69 रन निकले थे। जवाब में अफगानिस्तान 144/7 का स्कोर ही बना पाई थी।

### 205/5- 2024

भारतीय टीम ने साल 2024 के विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ 205/5 का स्कोर बनाया था। ये टी-20 विश्व कप के इतिहास में उनका तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है। भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी थी। रोहित ने 41 गेंदों का सामना कर 92 रन बनाए थे। उन्होंने 7 चौके और 8 छक्के लगाए थे। जवाब में कंगारू टीम 181/7 का स्कोर ही बना पाई थी। भारतीय टीम को 24 रन से जीत मिली थी।

### 196/5- 2024

भारतीय टीम का चौथा सबसे बड़ा स्कोर भी साल 2024 के ही विश्व कप में आया था। बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ टीम ने 196/5 का स्कोर बना दिया था। हार्दिक पांड्या ने 27 गेंदों का सामना कर 50 रन बनाए थे। विराट कोहली ने 37 रन बना दिए थे।जवाब में बांग्लादेश की टीम 146/8 का स्कोर ही बना पाई थी। भारतीय टीम को उस मैच में 50 रन से शानदार जीत मिली थी।

# मीराबाई चानू ने नेशनल चैंपियनशिप में तीन राष्ट्रीय रिकॉर्ड किए ध्वस्त



एजेंसी ▶▶| मोदीनगर

भारतीय वेटलिफ्टिंग की स्टार खिलाड़ी मीराबाई चानू ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उनका नाम क्यों देश की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में गिना जाता है। उत्तर प्रदेश के मोदीनगर में आयोजित नेशनल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2026 में मीराबाई ने 48 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक ही दिन में तीन राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिए और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 48 किलोग्राम भार वर्ग में अखिल भारतीय पुलिस की राधा सोनी ने 183 किलोग्राम के कुल वजन के साथ रजत पदक जीता, जबकि कोमल कोहर ने कांस्य पदक हासिल किया।

**48 किलोग्राम वर्ग में ऐतिहासिक प्रदर्शन:** बता दें कि 48 किग्रा वर्ग में उतरते ही मीराबाई का आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। स्नैच में उन्होंने 89 किलोग्राम वजन उठाकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। इसके बाद क्लीन एंड जर्क में 116 किलोग्राम भार उठाकर दूसरा रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। इन दोनों लिफ्ट्स को मिलाकर उनका कुल स्कोर 205 किलोग्राम रहा।

## कार्यालय नगरपालिका परिषद् दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

क्रमांक / 1720 / नि.आ.सू. / न.पा.परि./2025-26 दन्तेवाड़ा, दिनॉक: 04/02/2026

### ई-टेण्डर निविदा आमंत्रण (द्वितीय) सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म / ठेकेदारों / एजेंसी / कंपनी से निम्नलिखित कार्य हेतु नगरपालिका परिषद, दंतेवाड़ा द्वारा ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| सिस्टम ई-टेण्डर न. | कार्य का विवरण | अनु. लागत राशि (लाख में) | निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 185118 | Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of Dantewada, Chhattisgarh | 45.01 | 20.02.2026 |

2. उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट http://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद दन्तेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

## कार्यालय नगर पंचायत भिंभौरी जिला बेमेतरा (छ. ग.)

Email id : cmobhinbhouree@gmail.com

क्रमांक/654/लो.नि.वि/ न.पं./2026 भिंभौरी दिनांक 05/02/2026

### ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पंचायत भिंभौरी में अधोसंरचना मद अंतर्गत एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदार/ फर्म से लोक निर्माण विभाग में प्रचलित भवन / सड़क एस. ओ. आर एवं पी.एच.ई. / इलेक्ट्रिकल एस.ओ.आर से प्रभावशील निविदा प्रपत्र (ए) के तहत पंजीकृत ठेकेदार / फर्म हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है

1. Bid Submission Start Date - 04.02.2026, 5.00PM
2. Bid Due Date - 25.02.2026, 5.30PM
3. Physical Doc. Submission End Date - 26.02.2026, 5.30PM
4. Bid Open Date (Scheduled) - 27.02.2026, 11.30AM

| स. क्र. | कार्य का विवरण | टेण्डर सिस्टम नंबर | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (राशि रू.) | फर्म/ ठेकेदार की श्रेणी | कार्य की अवधि माह | निविदा प्रपत्र का प्रकार एवं मूल्य (राशि रू.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | वार्ड क्रं. 01 डोम शेंड निर्माण कार्य। | 183958 | 19.95 | 14963.00 | "D" and Above | 04 माह | 750 |
| 2 | वार्ड क्रं. 01 मुक्तिधाम प्रार्थना शेंड निर्माण कार्य। | 183962 | 19.96 | 14970.00 | "D" and Above | 04 माह | 750 |
| 3 | वार्ड क्रं. 09 में भुनेश्वर साहू शिक्षक के घर से नूर मोहम्मद के दुकान तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य । | 183967 | 44.40 | 33300.00 | "D" and Above | 04 माह | 1500.00 |
| 4 | वार्ड क्रं. 02 में संतराम ढीमर के घर से संतू ढीमर के घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य । | 183963 | 15.89 | 11918.00 | "D" and Above | 03 माह | 750.00 |
| 5 | वार्ड क्रं. 03 बिनोद साहू के घर से विकास सिन्हा के घर तक सी. सी. सड़क निर्माण कार्य । | 183960 | 13.24 | 9930.00 | "D" and Above | 03 माह | 750.00 |
| 6 | वार्ड क्र. 04 में हिरालाल साहू के घर से बुधारू साहू के घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य । | 183964 | 17.66 | 13245.00 | "D" and Above | 03 माह | 750.00 |
| 7 | वार्ड क्रं. 06 में भागवत यादव के घर से मो. इस्माईल कुरैशी के दुकान तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य । | 185150 | 12.01 | 9008.00 | "D" and Above | 03 माह | 750.00 |
| | कुल योग | | 143.11 | | | | |

उपरोक्तानुसार कार्य की निविंदा से संबंधित नियम एवं शर्ते धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालय नगर पंचायत भिंभौरी एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास की वेबसाईट में www.uad.cg.gov.in एवं https//eproc.cgstate.gov.in देखा जा सकता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत भिंभौरी

FORM NO.
[See Regulation 33(2)]

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**

2nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhavan (BSNL Building), Near Head Post Office Residency Road, Jabalpur- 482001, MP.

**NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993.**

RC/240/2024 23.01.2026

IDBI BANK
Versus
SANTOSH KUMAR SAHOO

To,
**(CD1) SANTOSH KUMAR SAHOO** VILL-KHAPRI, POST-BARHAPUR, TEH-DHAMDHA, DURG (C.G.)-490001
Also AT- VILL-KANHARPURI, TEH-DHAMDHA, DIST-DURG (C.G.)-490001-491331
Also At- VILL-KANHARPURI, TEH-DHAMDHA,DIST-DURG (C.G.)
**(CD2) BALARAM KAWARE** VILL-KHAPRI, POST-BARHAPUR, TEH-DHAMDHA, DURG (C.G.)-491331

Whereas you the was ordered by the Presiding Officer of DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR who had issued the Recovery Certificate dated **24/06/2024** in **OA/672/2022** to pay to the Applicant Bank(s)/Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of **Rs 4748254 (Rupees Forty Seven Lakhs Forty Eight Thousands Two Hundred Fifty Four Only)** along with pendentellite and future interest @ 9% w.e.f. **27/05/2022** till realization and costs of **Rs 50000 (Rupees Fifty Thousands Only)**, and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable / Immoveable property.

**2.** You are hereby informed that the **25/03/2026** at **10.30 A.M.** has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.

**Specification of property-**

1. Agriculture Land Survey No.-42 area 0.670 hect;65 area 1.150 hect; 324/1 area 0.400 hect 325; arca 0.740 hect; 328 area 0.940 hect, total area 3.900 hectare, situated at Village-Kanharpuri, Patwari Halka No. 10/11,Tehsil-Dhamdha, District-Durg (C.G) property in name of Shri Santosh Kumar Sahoo S/o Shri Makhan Sahoo. 2. Agriculture Land Survey No.-27/3 area 0.23 hect: 35/2 arca 0.16 hect; 644 arca 0.37 hect. total area 0.76 hectare, situated at Village-Kanharpuri,Patwari Halka No.10, Tehsil-Dhamdha, District-Durg (CG) property in name of Shri Santosh Kumar Sahoo S/o Shri Makhan Sahoo.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: 23/01/2026

SEAL

Recovery Officer
DRT, Jabalpur




## इटली में मिला 8 करोड़ साल पुराना टाइम कैप्सूल

**रोम।** इटली के पहाड़ों में घूम रहे कुछ ट्रैकर्स को एक ऐसी चीज मिली है जिसने विज्ञान की दुनिया को हैरान कर दिया है। एड्रियाटिक तट के पास मोंटे कोनेरो की पहाड़ियों में एक विशाल चट्टान पर 8 करोड़ साल पुराने समुद्री कछुओं के पैरों के निशान मिले हैं। यह कोई साधारण खोज नहीं है क्योंकि आमतौर पर पैरों के निशान समुद्र के अंदर नहीं, बल्कि सूखी मिट्टी पर मिलते हैं। पर्वतारोहियों को पहाड़ों के ऊपर एक ऐसी शिला मिली जो दिखने में गीले सीमेंट जैसी थी लेकिन छूने पर लोहे जैसी सख्त निकली। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह चट्टान करोड़ों साल पहले समुद्र का तल हुआ करती थी।

# सूरज के अंदर बड़ी हलचल, धरती से टकरा रहा महाशक्तिशाली सौर तूफान

**वॉशिंगटन।** सूरज के बिना न सिर्फ हमारी धरती बल्कि हमारे सौरमंडल की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। लेकिन, इस समय सूरज के अंदर एक ऐसी घटना हो रही है, जिसने वैज्ञानिकों को चिंतित कर दिया है। सूरज से लगातार सोलर फ्लेयर्स रिलीज हो रहे हैं, जो धरती तक पहुंच रहे हैं। 1 फरवरी से सूरज ने लगातार पावरफुल सोलर फ्लेयर्स छोड़े हैं, जिसे लेकर इसरो से लेकर नासा तक स्पेस एजेंसियों चेतावनी जारी की है। स्पेस एजेंसियां दुनिया भर में रेडियो ब्लैकआउट या पावरग्रिड फेल होने की स्थिति होने की संभावना पर करीबी नजर रख रहे हैं।




### सोलर फ्लेयर्स क्या हैं?

सोलर फ्लेयर्स सूरज के अंदर उठने वाले विस्फोटों के चलते उठते हैं। ये फ्लेयर्स चुंबकीय गुणों से भरे होते हैं और सौरमंडल में बढ़ते हैं। इन्हें सौर तूफान भी कहा जाता है। ये सौर तूफान जब पृथ्वी के वातावरण में टकराते हैं तो हलचल पैदा करते हैं। इस तरह के सोलर फ्लेयर्स से इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन की बहुत ज्यादा मात्रा निकलती है, जो लगभग तुरंत पृथ्वी तक पहुंच जाती

### सोलर फ्लेयर्स से क्या है खतरा?

हालांकि, जमीन पर ये इंसानों को नुकसान नहीं पहुंचाते, लेकिन



आयनोस्फीयर को गंभीर रूप से डिस्टर्ब कर सकते हैं। इसके चलते हाई-फ्रीक्वेंसी रेडियो कम्युनिकेशन, नेविगेशन सिग्नल और सैटेलाइट ऑपरेशन में रुकावटें आ सकती हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान इस समय अपने 50 से ज्यादा ऑपरेशनल सैटेलाइट पर लगातार नजर बनाए हुए है।

### 4 फरवरी को सबसे तेज सोलर फ्लेयर्स

नासा के स्पेस अलर्ट ने पुष्टि की है कि तेज फ्लेयर्स 1 फरवरी को शुरू हुए थे। नासा ने अपने लेटेस्ट अलर्ट में कहा कि सूरज ने एक तेज फ्लेयर छोड़ा, जो 4 फरवरी को सुबह 7.13 बजे (अमेरिकी समयानुसार) अपने चरम पर था। लगातार सूरज को देखने वाली अमेरिकी एजेंसी की सोलर डायनेमिक्स ऑब्जर्वेटरी ने इस घटना की एक तस्वीर ली है। स्पेस एजेंसियों का कहना है कि यह घटना अक्टूबर 2024 के बाद से सबसे चमकदार सोलर फ्लेयर थी। इसके अलावा यह 1996 के बाद से रिकॉर्ड किए गए 20 सबसे पावरफुल सोलर फ्लेयर्स में से एक है।

# इंसानी दिमाग का कमाल!

**टोक्यो।** जापान के वैज्ञानिकों ने एक जादुई तरीका खोज निकाला है। उन्होंने एक ऐसी खास तकनीक विकसित की है जो इस वेस्ट हीट को सीधे बिजली में बदल सकती है। यह खोज न केवल बिजली बचाने में मदद करेगी, बल्कि प्रदूषण भी कम करेगी। अक्सर फैक्ट्रियों और इंजनों से निकलने वाली 20-50% ऊर्जा गर्मी के रूप में बर्बाद हो जाती है। इस नई खोज से उस बर्बाद गर्मी का इस्तेमाल करके न सिर्फ ऊर्जा बचाई जा सकेगी, बल्कि पर्यावरण को भी फायदा होगा। वैज्ञानिकों ने मोलिब्डेनम डिसिलिसाइड नाम के एक खास पदार्थ



की स्टडी की है। यह एक ऐसी थर्मोइलेक्ट्रिक सामग्री है जो तापमान के अंतर को बिजली में बदलने की क्षमता रखती है। वैज्ञानिकों ने पाया कि यह धातु बिना किसी बाहरी चुंबकीय क्षेत्र के भी बहुत सटीकता से काम कर सकती है । जो इसे भविष्य के डिवाइसेज के लिए खास बनाती है।


### पुरानी तकनीक की कमियां और समाधान


अभी तक के बिजली बनाने वाले उपकरण कई परतों से बने होते थे, जिससे बिजली के बहाव में रुकावट आती थी और एनर्जी का नुकसान होता था। लेकिन, मोलिब्डेनम डिसिलिसाइड की एक पतली फिल्म का इस्तेमाल करके एक बड़े इलाके को कवर किया जा सकता है। इससे ऊर्जा का नुकसान कम होता है और कम लागत में ज्यादा बिजली पैदा की जा सकती है।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com